राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 15 अंकः 158 पृष्ठः 08
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## मध्यस्थ नहीं, कूरियर सर्विस है पाकिस्तानः एमएम नरवणे



**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाताः** भारत के पूर्व थल सेना प्रमुख जनरल सेवानिवृत्त एमएम नरवणे ने पाकिस्तान की कूटनीतिक चालों पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थ बनने की कोशिश कर रहा पाकिस्तान कोई मध्यस्थ नहीं, बल्कि सिर्फ एक कूरियर सेवा बनकर रह गया है। दरअसल, पाकिस्तान लंबे समय से खुद को इस संघर्ष में एक शांतिदूत के रूप में पेश करने की नाकाम कोशिश कर रहा है। कुछ महीने पहले उसने दोनों देशों के बीच बातचीत कराने का दावा भी किया था, जिस पर पूर्व भारतीय सेना प्रमुख ने पानी फेर दिया।

**आर्थिक सुरक्षा ही असली राष्ट्रीय सुरक्षा है-नरवणे**
जनरल नरवणे ने वैश्विक संघर्षों का विश्लेषण करते हुए अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के अंतसंबंधों को समझाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सीधे तौर पर आर्थिक सुरक्षा से जुड़ी होती है।

## एशियाई खेल के लिए भारतीय क्रिकेट टीम घोषित, श्रेयस अय्यर को मिली कप्तानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले एशियाई खेल 2026 के लिए भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी। 15 सदस्यीय भारतीय टीम की कप्तानी श्रेयस अय्यर को सौंपी गई है। उन्होंने सूर्यकुमार यादव का स्थान लिया है। इस वर्ष भारत को टी-20 विश्व कप का खिताब दिलाने वाले सूर्यकुमार यादव को इस बार टीम में जगह नहीं मिली है। टीम में 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी शामिल किया गया है। वैभव ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए राजस्थान रॉयल्स के लिए 16 मैचों में 776 रन बनाए थे और पूरे सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण के प्रमुख खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह को भी एशियाई खेलों की टीम में स्थान दिया गया है। हालांकि उन्हें जून और जुलाई में आयरलैंड तथा इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं के लिए



विश्राम दिया गया था। भारत मौजूदा एशियाई खेल क्रिकेट प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक विजेता है। पिछली बार वर्ष 2023 में रुतुराज गायकवाड़ की

**बेबी बॉस की एंट्री**

वैभव सूर्यवंशी ने इतिहास रच दिया है। आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे एशियाई खेलों के लिए टीम में चयनित हुए

कप्तानी में भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। भारत के अलावा अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका और मेजबान जापान ने सीधे प्रतियोगिता के लिए स्थान हासिल किया है। वहीं नेपाल, मलेशिया, हांगकांग और ओमान ने क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के माध्यम से जगह बनाई और इस प्रकार कुल 10 टीमों का समूह पूरा हुआ।

**भारतीय टीमः** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उपकप्तान), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और वैभव सूर्यवंशी।

**फास्ट न्यूज**

## दिल्ली में अमित शाह और जेपी नड्डा से मिले अमरिंदर सिंह

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने शनिवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब पंजाब भाजपा में नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में केवल सिंह ढिल्लों की नियुक्ति को लेकर कैप्टन की नाराजगी की चर्चाएं पहले से चल रही हैं। कैप्टन अमरिंदर सिंह हाल के दिनों में कई बार सार्वजनिक तौर पर पार्टी में अपनी बात नहीं सुने जाने का मुद्दा उठा चुके हैं। उन्होंने कहा था कि जब केवल सिंह ढिल्लों को पंजाब भाजपा का नया अध्यक्ष बनाया गया तो इस संबंध में उनसे कोई राय नहीं ली गई। कैप्टन का कहना था कि जब वह मुख्यमंत्री थे तो ढिल्लों सक्रिय जरूर थे, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका प्रदर्शन वैसा नहीं था जैसा होना चाहिए था।

**कैप्टन की नाराजगी की वजह?**
भाजपा और कांग्रेस की कार्यशैली की तुलना करते हुए भी कैप्टन ने अपनी नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस में वह तीन बार प्रदेश अध्यक्ष रहे और वहां महत्वपूर्ण फैसलों से पहले उनसे सलाह ली जाती थी, जबकि भाजपा में फैसले ऊपर से आते हैं और किसी से पूछा नहीं जाता। उन्होंने यह भी कहा था कि भाजपा में बड़े नेताओं तक अपनी बात पहुंचाने और मुलाकात करने में भी दिक्कत होती है। कैप्टन ने इससे पहले यह भी कहा था कि वह आज भी कांग्रेस को मिस करते हैं। उनके अनुसार, कांग्रेस एक परिवार की तरह थी, जहां फोन करने पर नेता मुलाकात के लिए समय दे देते थे, जबकि भाजपा में ऐसा माहौल नहीं है।

## वी द लीडर आंदोलन से 24 घंटे में जुड़े 13 लाख लोग

**चेन्नईः** तमिलनाडु की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू होता नजर आ रहा है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने भाजपा से इस्तीफा देने के बाद नए राजनीतिक आंदोलन वी द लीडर की शुरूआत की है। 24 घंटों में ही इसे जबरदस्त जनसमर्थन मिलता दिख रहा है।
अन्नामलाई का दावा है कि

### आर्थिक सलाहकार परिषद के साथ बैठक; ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सुधारों पर जोर

# पश्चिम एशिया संकट के बीच एक्शन में पीएम मोदी

**मंथन**

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को पीएम-इकोनॉमिक एडवायजरी काउंसिल के सदस्यों के साथ बैठक की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पीएम-इकोनॉमिक एडवायजरी काउंसिल के सदस्यों के साथ बैठक की। इस बैठक में पीएम मोदी और इकोनॉमिक एडवायजरी काउंसिल के सदस्यों ने ग्लोबल उथल-पुथल के समय भारती की इकोनॉमिक ग्रोथ को और बढ़ाने के लिए कई आइडिया और उपायों पर चर्चा की।

**ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सुधारों पर जोर**
'ईज ऑफ लिविंग' और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में सुधार के लिए कई बदलावों पर भी चर्चा हुई। सदस्यों ने वेस्ट एशिया में चल रहे टकराव का भारत और दुनिया पर पड़ने वाले असर के बारे में भी अपनी राय दी। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाएं जियोपॉलिटिकल तनाव, व्यापार से जुड़ी अनिश्चितताओं और असमान ग्रोथ ट्रेंड से जूझ रही है।

**पीएम मोदी की नागरिकों से अपील**



### 'पीएम मोदी के आर्थिक सुधार देश की समृद्धि को लगातार दे रहे हैं बढ़ावाः अमित शाह

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2026 में देश द्वारा दर्ज की गई 7.7 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए सुधार आर्थिक समृद्धि को लगातार बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। एक्स पर एक पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया आर्थिक संकट से जूझ रही है, भारत की 7.7 प्रतिशत की विकास दर दुनिया के प्रमुख अर्थव्यवस्था से कहीं अधिक है, जो पिछले 12 वर्षों में हमारी अर्थव्यवस्था द्वारा हासिल की गई मजबूती का प्रमाण है। चाहे महामारी हो या युद्ध, मोदी जी की दूरदर्शी नीतियां ही देश को हर चुनौती से सुरक्षित रूप से पार करा रही हैं। वहीं, भाजपा नेता अमित मालवीय ने जीडीपी वृद्धि आंकड़ों का हवाला देते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष किया और उन्हें सुनामी बताया।

पिछले महीने, पीएम मोदी ने नागरिकों से अपील की थी कि वे वेस्ट एशिया टकराव के बीच इम्पोर्टेड फ्यूल पर निर्भरता कम करके और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाकर इकोनॉमिक मजबूती में योगदान दें। पीएम मोदी ने नागरिकों से 'वर्क फ्रॉम होम' को प्राथमिकता देने, फ्यूल की खपत कम करने, एक साल तक विदेश यात्रा से बचने, स्वदेशी प्रोडक्ट्स अपनाने, खाना पकाने के तेल का इस्तेमाल कम करने, नेचुरल फार्मिंग की ओर बढ़ने और सोना खरीदने में कमी लाने का आग्रह किया। उन्होंने नागरिकों से पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने के लिए कहा कि जहां भी उपलब्ध हो मेट्रो और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करें, निजी गाड़ियों की जरूरत होने पर कारपूलिंग चुनें, सामान लाने-ले जाने के लिए रेलवे ट्रांसपोर्ट को प्राथमिकता दें और जहां भी संभव हो इलेक्ट्रिक गाड़ियों का इस्तेमाल बढ़ाएं।

### क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमत भारत की जीडीपी पर डालेगी असर, 6% रह सकती है ग्रोथ

**नई दिल्ली।** ईवाई इंडिया ने कहा है कि अगर कच्चे तेल की कीमत औसतन 120 डॉलर प्रति बैरल बनी रहती है तो मौजूदा वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक विकास दर छह प्रतिशत तक गिर सकती है। इतना ही नहीं, खुदरा महंगाई आरबीआई की ऊपरी सहनीय सीमा छह प्रतिशत से ज्यादा रह सकती है। वैश्विक स्तर पर व्यावसायिक सेवाएं देने वाली कंपनी ईवाई के मुख्य नीति सलाहकार डीके श्रीवास्तव ने कहा कि नीति निमार्ताओं को रेपो रेट में वृद्धि और कच्चे तेल के स्त्रोत के विविधीकरण पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि अगर पश्चिम एशिया में हालात नहीं सुधरते हैं तो चालू खाता घाटा और बढ़ सकता है। भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है जबकि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और विश्व बैंक को उम्मीद है कि यह क्रमशः 6.9 प्रतिशत और 6.6 प्रतिशत रहेगी।




यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद गोंडा में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। आयोजनकर्ता मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

## मृत कर्मचारियों की बकाया ऋण राशि माफ करने की योजना लागू

**चंडीगढ़। ह**रियाणा में शिक्षा विभाग के मृत कर्मचारियों की बकाया ऋण राशि माफ होगी। इसके लिए सरकार ने धरातल पर प्रक्रिया शुरू कर दी है। हरियाणा मौलिक शिक्षा निदेशालय ने राज्य के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर पीआरटी, टीजीटी, ईएसएचएम तथा प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों के गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सूची मांगी है, जिन्होंने विभाग से ऋण लिया था और जिनका निधन हो चुका है। विभाग इन मामलों में ऋण राशि को वेव ऑफ (माफ) करने की प्रक्रिया पर विचार कर रहा है। इसके लिए संबंधित कर्मचारियों का नाम, पद, मृत्यु तिथि, विद्यालय का नाम तथा मामला डीईईओ, बीईओ या डीडीओ स्तर पर कितने समय से लंबित है, इसकी विस्तृत जानकारी मांगी गई है। विभाग का उद्देश्य लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा कर मृत कर्मचारियों के परिजनों को राहत प्रदान करना है।

## सीबीएसई 12वीं की वेरिफिकेशन और री-इवैल्यूएशन की अंतिम तारीख बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने 12वीं बोर्ड परीक्षा की आंसर शीट के वेरिफिकेशन और री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 6 जून से बढ़ाकर 7 जून कर दी है। बोर्ड के मुताबिक, यह फैसला छात्रों को ज्यादा समय देने और पोर्टल पर सामने आई तकनीकी समस्याओं को देखते हुए लिया है। सीबीएसई ने 2 जून को पोस्ट-रिजल्ट दिक्कतों के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया था। इसके बाद कई छात्रों ने आंसर शीट देखने और वेरिफिकेशन, री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन करने के दौरान कई दिक्कत आने की शिकायत की थी। दूसरी तरफ बोर्ड ने पोर्टल पर साइबर हमलों के मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। दिल्ली पुलिस ने मामले जांच शुरू कर दी है। बोर्ड के अनुसार, 2 जून से शुरू हुए पोस्ट-रिजल्ट सर्विसेज पोर्टल पर



पिछले तीन दिन में लगातार साइबर हमले किए गए, जिन्हें समय रहते रोक दिया गया।

**री-इवैल्युएशन के लिए 63 हजार आवेदन**
अधिकारियों के अनुसार, 4 जून तक पोस्ट-रिजल्ट सर्विसेज पोर्टल के जरिए कुल 70,433 आवेदन मिले हैं। इनमें 7,314 मार्क्स वेरिफिकेशन और 63,119 री-इवैल्यूएशन के आवेदन शामिल थे। सीबीएसई का री-इवैल्यूएशन पोर्टल 1 जून को शुरू होना था, लेकिन तकनीकी कारणों से इसे 2 जून को लॉन्च किया गया।

## केंद्र ने खाने के तेल के लिए स्टैंडर्ड पैकेजिंग साइज किया अनिवार्य, नौ तरह का साइज हुआ तय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने खाने के तेल के लिए स्टैंडर्ड पैकेजिंग साइज अनिवार्य किया है, ताकि ग्राहक अलग-अलग ब्रांड की कीमतों की तुलना कर सकें। अब कंपनियों को 200 ग्राम से लेकर 20 किलोग्राम तक के तय पैकेट में ही खाद्य तेल बेचना होगा। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि उपभोक्ता मामलों के विभाग ने 'लीगल मेट्रोलॉजी' फ्रेमवर्क के तहत खाने के तेल के लिए स्टैंडर्ड पैक साइज तय किए गए हैं। सरकार की जारी अधिसूचना के अनुसार अब कंपनियों को 200 ग्राम से लेकर 20 किलोग्राम तक के तय पैकेट में ही खाद्य तेल को बेचना होगा। मंत्रालय ने कहा कि इस कदम का मकसद उपभोक्ताओं को अलग-अलग ब्रांड की कीमतों की तुलना करने और सोच-समझकर खरीदारी का फैसला लेने में मदद करना है।

## हरियाणाः नई इमारतों में ईवी चार्जिंग व्यवस्था होगी अनिवार्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा सरकार ने बिल्डिंग कोड-2017 में बदलाव करते हुए नई और रिनोवेट होने वाली इमारतों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को अनिवार्य कर दिया है। इसका सबसे बड़ा असर उन परिवारों, सोसायटी निवासियों और लोगों पर पड़ेगा जो आने वाले वर्षों में इलेक्ट्रिक कार खरीदने की योजना बना रहे हैं। अब तक लोगों के सामने सबसे बड़ी दिक्कत यह थी कि



ईवी खरीदने के बाद चार्जिंग कहां होगी। सरकार ने बिल्डिंग कोड के अध्याय-6 में संशोधन करते हुए इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को शामिल किया है। सबसे अहम फैसला यह है कि चार्जिंग से जुड़ा निर्माण एफएआर (फ्लोर एरिया रेशियो) से मुक्त रहेगा। यानी बिल्डर या डेवलपर को इस व्यवस्था के कारण अतिरिक्त निर्माण क्षेत्र का नुकसान नहीं होगा। गैर-आवासीय भवन जैसे मॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, होटल और ऑफिस स्पेस में यदि 10 या उससे अधिक कार पार्किंग हैं, तो हर 3 पार्किंग स्लॉट पर कम से कम 1 ईवी चार्जिंग स्पॉट बनाना होगा।

**ई वाहन चार्जिंग**

नई और रिनोवेट होने वाली इमारतों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को अनिवार्य कर दिया है

## मानसून महाराष्ट्र-आंध्र तक पहुंचा,2 दिन में 7 राज्यों में एंट्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** तीन दिन की देरी के बाद मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। शनिवार को यह आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम और मणिपुर पहुंच गया। इससे पहले शुक्रवार को कर्नाटक, तमिलनाडु और गोवा में एंट्री की थी। देश में मानसून 4 जून को केरलम पहुंचा था। अगले तीन दिनों में मानसून पूर्वोत्तर के सभी राज्यों और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों तक पहुंच सकता है। अगले 10 दिनों में इसके बिहार, झारखंड और ओडिशा पहुंचने की संभावना है।
एमपी, छत्तीसगढ़, ओडिशा और बंगाल में मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी रह सकती है, क्योंकि इसे आगे बढ़ाने के लिए बंगाल की खाड़ी में कोई मजबूत मौसम सिस्टम एक्टिव नहीं है।

### सरकार ने कर्मचारियों, किसानों, भूमिहीन परिवारों और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कई अहम फैसलों को भी मंजूरी दी

# हिमाचल कैबिनेट ने खोला नौकरियों का पिटारा, 1456 पदों पर भर्ती का ऐलान

**मंजूरी**

कैबिनेट ने भर्ती निदेशालय के माध्यम से 400 वर्क इंस्पेक्टर पद भरने को मंजूरी दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंकज शर्मा**
**शिमला।** शहरी निकाय और पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद हुई पहली कैबिनेट बैठक में हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने सरकारी नौकरियों का बड़ा पिटारा खोल दिया। मुख्यमंत्री



सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शनिवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व और अन्य विभागों में कुल 1456 पदों को भरने का फैसला लिया गया। इसके साथ ही सरकार ने कर्मचारियों, किसानों, भूमिहीन परिवारों और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कई अहम फैसलों को भी मंजूरी दी। सबसे बड़ा फैसला विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरने को लेकर रहा। कैबिनेट ने भर्ती निदेशालय के माध्यम से 400 वर्क इंस्पेक्टर पद भरने को मंजूरी दी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में 300 मेडिकल ऑफिसर, 250 मल्टी टास्क वर्कर (क्लास-4) और 200 स्टाफ नर्सों की भर्ती का रास्ता साफ किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग में 76 ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट, 36 रेडियोग्राफर और 50 लैब टेक्नीशियन ग्रेड-2 समेत 162 अन्य पद भरने का निर्णय लिया गया। राज्य के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में 75 सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति होगी। मंडी जिले के नेरचौक स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज में कार्डियोलॉजी विभाग के लिए दो सहायक प्रोफेसर और दो सीनियर रेजिडेंट पद भी भरे जाएंगे। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में विभिन्न विभागों के 17 सहायक प्रोफेसरों की भर्ती को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचपीएएस) के तीन पद भरे जाएंगे। मंडी मंडलायुक्त कार्यालय में दो जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (आईटी) पद सृजित कर भरे जाएंगे, जबकि होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में एक जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (आईटी) और दिव्यांग वर्ग के लिए आरक्षित एक मल्टी टास्क वर्कर पद भरा जाएगा।

# कॉकरोच जनता पार्टी का 5 घंटे प्रदर्शनः अभिजीत ने शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी, यानी सीजेपी ने शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर 5 घंटे प्रदर्शन किया। पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा था कि मंत्री आज शाम 5 बजे तक इस्तीफा दें, नहीं तो पूरे देश में प्रदर्शन किया जाएगा। अगले शनिवार, यानी 13 जून को जंतर-मंतर पर फिर प्रदर्शन करेंगे। सीजेपी को जंतर-मंतर पर शाम 5 बजे तक प्रदर्शन करने की अनुमति मिली थी,




लेकिन दोपहर 3:30 बजे अभिजीत की तबीयत खराब हो जाने के बाद यह समाप्त हो गया। इसके बाद में सोनम वांगचुक के साथ धरनास्थल से रवाना हो गए। अभिजीत सुबह ही अमेरिका से दिल्ली लौटे थे। वे एयरपोर्ट से सीधे जंतर-मंतर पहुंचे थे। यहां अभिजीत अंबेडकर की ऑटो बायोग्राफी और संविधान की कॉपी लेकर पहुंचे थे। अभिजीत दीपके सुबह अमेरिका से दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वे डेढ़ घंटे बाद बाहर निकले। प्रदर्शन में सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक, लिबरेशन के महासचिव दिपांकर भट्टाचार्य, नेता एनी राजा और वामपंथी छात्र और युवा संगठनों के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।
सोनम वांगचुक ने अभिजीत दीपके के साथ मंच पर पहुंचकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की अपील की थी।




# उत्तर भारत

ऊना, 07 जून 2026

दैनिक एक्शन इंडिया

ACTION INDIA

www.actionindialive.com




# पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत सोलर दीदियों को नियुक्ति पत्र एवं प्रशिक्षण प्रमाणपत्र वितरित

□ सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने आयोजित किया कार्यक्रम, सोलर दीदियों को 14,156 प्रतिमाह मिलेगा मानदेय, निःशुल्क 2 किलोवाट रूफटॉप सोलर संयंत्र तथा इंडक्शन स्टोव भी उपलब्ध कराया जाएगा, हनुमंत रिन्युवल कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि कंपनी चयनित सोलर दीदियों को 14,156 प्रतिमाह मानदेय प्रदान करेगी

**सोलर संयंत्र**

□ चयनित सोलर दीदी को कंपनी द्वारा निःशुल्क 2 किलोवाट रूफटॉप सोलर संयंत्र तथा इंडक्शन स्टोव भी उपलब्ध कराया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ। के**ंद्रीय योजनाओं को योगी सरकार उत्तर प्रदेश में बेहतर तरीके से कार्यान्वित कर रही है। इसी क्रम में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और सोलर दीदियों के सशक्तीकरण के लिए योगी सरकार ने कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें शनिवार को प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत संचालित एमएनआरई सिटी एक्सीलेटर प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षित सोलर दीदियों को ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा द्वारा नियुक्ति पत्र एवं प्रशिक्षण प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

इस कार्यक्रम के दौरान सोलर दीदियों को प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाणपत्र प्रदान किए गए तथा उन्हें सौर ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से जोड़ा गया। इस अवसर पर हनुमंत रिन्युवल कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि कंपनी चयनित सोलर दीदियों को 14,156 प्रतिमाह मानदेय प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक चयनित सोलर दीदी को कंपनी द्वारा निःशुल्क 2 किलोवाट रूफटॉप सोलर संयंत्र तथा इंडक्शन स्टोव भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे स्वच्छ ऊर्जा को अपने जीवन में अपनाने के साथ-साथ समाज में इसके प्रचार-प्रसार की प्रभावी भूमिका निभा सकें। इस कार्यक्रम में उपस्थित एमएनआरई कैप कंसल्टेंट उपकारी नाथ ने बताया कि यह पहल माननीय प्रधानमंत्री के सौर ऊर्जा युक्त भारत एवं महिला सशक्तीकरण के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सब्सिडी, रूफटॉप सोलर स्थापना तथा अन्य सौर ऊर्जा संबंधी जानकारी एवं सहायता प्रदान करेंगी।





## योगी सरकार में दिव्यांगजनों को मिला त्वरित न्याय, 96.38% शिकायतों का हुआ निस्तारण

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश के दिव्यांगजन भी योगी सरकार की प्राथमिकताओं में प्रमुख रूप से शामिल हैं। उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-180-1995 प्रभावी माध्यम के रूप में उभरी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में विभाग ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के दौरान कुल 7,707 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिनमें से 7,428 शिकायतों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया है। इस प्रकार कुल 96.38 प्रतिशत शिकायतों का समाधान किया गया है। शिकायत निस्तारण का यह उच्च प्रतिशत राज्य सरकार की संवेदनशीलता, जवाबदेही और दिव्यांगजनों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**96.38 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण हुआ**

हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों में विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित मामले शामिल हैं। इनमें दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान (पेंशन) योजना से संबंधित 7,281 शिकायतें, स्वावलंबन कार्ड से संबंधित 52 शिकायतें और दुकान निर्माण एवं संचालन योजना से संबंधित 67 शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसके अतिरिक्त शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना से संबंधित 23 शिकायतें, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना से संबंधित 69 शिकायतें और अन्य विषयों से जुड़ी 215 शिकायतें दर्ज की गई थी।इसमें स्वावलंबन कार्ड, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना और अन्य कई महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण किया गया है।

## अभिनव प्रयासः सोलर दीदियों के लिए विशेष प्रोत्साहन की व्यवस्था की गई है




भारत सरकार द्वारा सिटी एक्सीलेटर प्रोग्राम के अंतर्गत सोलर दीदियों के लिए विशेष प्रोत्साहन की व्यवस्था की गई है, जिसका संचालन संबंधित नगर निगमों के माध्यम से किया जाएगा। यह कार्यक्रम महिलाओं को हरित ऊर्जा क्षेत्र में कौशल विकास एवं रोजगार उपलब्ध कराने का एक अभिनव प्रयास है। यह पहल प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ महिला सशक्तीकरण, हरित रोजगार सृजन और स्वच्छ ऊर्जा के प्रसार को नई गति प्रदान करेगी। सोलर दीदियां घर-घर जाकर नागरिकों को रूफटॉप सोलर अपनाने के लिए प्रेरित करेंगी तथा ऊर्जा सुरक्षा, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

इस कार्यक्रम में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शम्भु कुमार, यूपीनेडा के निदेशक रविन्दर सिंह, वाराणसी नगर निगम के नगर आयुक्त श्री हिमांशु नागपाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि सोलर दीदियां प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को आवेदन प्रक्रिया, सब्सिडी, रूफटॉप सोलर स्थापना तथा अन्य सौर ऊर्जा संबंधी जानकारी एवं सहायता प्रदान करेंगी।

# साइबर क्राइम रोकने के लिए बनेगा कॉर्डिनेशन सेंटरः महानिदेशक राजीव

**चुनौती**

□ बढ़ते साइबर अपराध के सवाल पर महानिदेशक ने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण चुनौती है

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुर। प्रदे**श के पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने कहा कि साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए प्रदेश में साइबर क्राइम कॉर्डिनेशन सेंटर बनेगा। इसके अलावा 1930 हेल्प लाइन की क्षमता भी बढ़ाई जा रही है। जिससे ऑपरेटर अधिक से अधिक कॉल अटेंड कर सकें। वह आज यहां जोधपुर रेंज



आईजी कार्यालय में अधिकारियों की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम नियंत्रण के लिए प्रदेश स्तर पर क्राइम कॉर्डिनेशन सेंटर बनने जा रहा है। अब हमने ड्रग्स का काम करने वालों के संपत्तियां जब्त करना भी शुरू कर दी है। इसके लिए एएनटीएफ सक्रिय है। इसकी चौकियां भी काम कर रही हैं। लगभग हर दिन एक कार्रवाई की जा रही है। ड्रग्स को लेकर मुख्यमंत्री बहुत गंभीर है। इस पर नियंत्रण सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जोधपुर पुलिस रेंज अपने आप में महत्वपूर्ण है। इसका बहुत बड़ा हिस्सा अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़ा है। इसकी अपनी अलग चुनौतियां है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश भर में वाहन दुर्घटना रोकने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि काम में सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। बढ़ते साइबर अपराध के सवाल पर महानिदेशक ने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण चुनौती है। इसको लेकर सरकार ने हमें लगातार संसाधन उपलब्ध करवाए हैं।

# जयपुर सहित 13 शहरों में बारिश, वनस्थली में 65 मिलीमीटर बारिश

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुरः** राजस्थान में पश्चिम विक्षोभ के असर से आंधी-बारिश का दौर लगातार बना हुआ है। शनिवार को जयपुर सहित करीब 13 शहरों में बारिश हुई। सबसे ज्यादा ढाई इंच बारिश वनस्थली में दर्ज की गई। बीकानेर के लूणकरणसर में शनिवार दोपहर तेज बारिश के साथ ओले गिरे। कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बहरोड़ में शनिवार दोपहर 3:40 बजे मौसम बदला और तेज हवा के साथ बारिश हुई।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के ऊपर बने परिसंचरण तंत्र के प्रभाव से कुछ भागों में आंधी बारिश की गतिविधियां आगामी 2 दिन जारी रहने की संभावना है। तत्पश्चात पूर्वी राजस्थान में छुटपुट स्थानों पर मध्यम दर्जे का मेघगर्जन, हल्की बारिश की संभावना है। आंधी

**गर्मी से राहत**

□ ढाई इंच बारिश वनस्थली में दर्ज की गई। बीकानेर के लूणकरणसर में शनिवार दोपहर तेज बारिश के साथ ओले गिरे

बारिश की गतिविधियों में 8 जून से कमी होने तथा तापमान में 2-3 डिग्री बढ़ोतरी होने की प्रबल संभावना है।

पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में 8 से 11 जून के दौरान कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान 44-46 डिग्री से. दर्ज होने व कहीं-कहीं हीटवेव चलने की संभावना है। शुक्रवार को राज्य में कहीं-कहीं पर हल्की वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक वर्षा डूंगरगढ़ (बीकानेर) व डग (झालवाड़) में 14.0 मिलीमीटर दर्ज की गई ।

# मप्र से राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार तरुण चुघ और रजनीश ने दाखिल किया नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल। म**ध्य प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दोनों उम्मीदवार तरुण चुग और रजनीश अग्रवाल ने शनिवार को दोपहर में विधानसभा पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। मध्य प्रदेश से राज्यसभा की रिक्त तीन सीटों के लिए आगामी 18 जून को मतदान होना है। भाजपा ने दो सीटों के लिए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग और प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल को उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा के दोनों उम्मीदवार शनिवार को



दोपहर करीब 12:30 बजे विधानसभा पहुंचे और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय समेत समेत अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने से पहले प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी विधायकों की एक बैठक हुई। इसमें दोनों उम्मीदवारों तरुण चुग और रजनीश अग्रवाल के अलावा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में चुनाव की रणनीति और एकजुटता को लेकर चर्चा हुई।

# कसौली में आयोजित तीसरे ऑल इंडिया लीगल फ्रेटरनिटी सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**कसौलीः** रियल एस्टेट और स्ट्रेटेजिक इन्वेस्टमेंट्स के क्षेत्र में लीडिंग नाम फोर्टेसिया ने हिमाचल प्रदेश के कसौली स्थित सुरम्य पाइनग्रोव स्कूल में आयोजित तीसरे ऑल इंडिया लीगल फ्रेटरनिटी सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट को सफलतापूर्वक प्रायोजित और प्रस्तुत किया।ऑल इंडिया लॉयर्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित इस टूर्नामेंट ने देश के सर्वश्रेष्ठ कानूनी विद्वानों को एक ही क्रिकेट मंच पर एकजुट किया। मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति जी.एस. संधावालिया थे। इस कार्यक्रम में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय,हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय,केरल उच्च न्यायालय और दिल्ली उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीशों के साथ साथ भारत भर के कई प्रतिष्ठित वरिष्ठ अधिवक्ता भी उपस्थित थे। लीगल फ्रेटरनिटी के अंदर सौहार्द और खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए फोर्टेसिया की प्रतिबद्धता स्पष्ट थी क्योंकि कानूनी क्षेत्र के दिग्गजों ने प्रतिभा,टीम वर्क और परंपरा का जश्न मनाते हुए अपने पारंपरिक वस्त्रों को छोड़कर क्रिकेट की सफेद पोशाक पहन ली।

# तीर्थयात्रियों से भरी बस पलटी, 25 घायल, 11 की हालत गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडला। मध्य** प्रदेश के मंडला जिले में शनिवार तड़के बीजाडांडी थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर तीर्थयात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में करीब 25 यात्री घायल हो गए, जिनमें 11 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी गंभीर घायलों को बेहतर उपचार के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

जानकारी के मुताबिक बस में करीब 50 श्रद्धालु सवार थे, जो छत्तीसगढ़ के दुर्ग से उत्तर प्रदेश स्थित वृंदावन धाम के दर्शन के लिए रवाना हुए थे। शनिवार सुबह करीब 5:30 बजे मोइयानाला के पास बस अचानक चालक के



नियंत्रण से बाहर हो गई और सड़क किनारे पलट गई। बस पलटते ही मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अंदर फंसे यात्री मदद के लिए चीखने लगे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बीजाडांडी पुलिस और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

**पुलिस और ग्रामीणों ने चलाया रेस्क्यू**

पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सभी यात्रियों को सुरक्षित बस से बाहर निकाला गया। घायलों को एम्बुलेंस के जरिए बीजाडांडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों ने 11 यात्रियों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हादसे के बाद सुरक्षित बचे यात्रियों को नजदीकी राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में ठहराया गया है। प्रशासन की ओर से उनके भोजन, पेयजल और विश्राम की व्यवस्था की गई है ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर बस के अनियंत्रित होने को हादसे की वजह माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर मनाया गोडावण, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड की वापसी का जश्न



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** विश्व पर्यावरण दिवस पर गोडावण को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। गोडावण पक्षियों के संरक्षण के लिए दिल्ली के सबसे प्रसिद्ध स्मारकों में से एक कुतुब मीनार पर भारत के सबसे दुर्लभ पक्षियों में शामिल गोडावण, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड की कहानी को विशेष दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया। कई वर्षों से गोडावण की घटती संख्या संरक्षण से जुड़े लोगों के लिए चिंता का विषय रही है। एक समय इस पक्षी को भारत का राष्ट्रीय पक्षी बनाए जाने की चर्चा भी हुई थी, लेकिन देश के घास के मैदानों में इनकी संख्या लगातार कम होती गई और ये धीरे-धीरे लोगों की नजरों से दूर हो गया। वस्तुतः विगत कुछ वर्षों में संरक्षण प्रयासों से अब इसकी वापसी की आशा बढ़ी है और इस पक्षी को फिर से पहचान मिलने लगी है। गोडावण एस्ट्यूरी प्रीमियम वॉटर के सहयोग से कुतुब मीनार पर एक भव्य प्रोजेक्शन शो दिखाया गया, जिसमें गोडावण पक्षी की कहानी को प्रस्तुत किया गया। गोडावण, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड को राष्ट्रीय स्तर पर भी नई पहचान मिली, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 133वें एपिसोड में इसका उल्लेख किया।

**दुर्लभ**

□ एजेंसियाँ मिलकर गोडावण और उसके संवेदनशील प्राकृतिक आवास की सुरक्षा को और मजबूत बना सकती हैं

ग्रामोदय सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष केदार श्रीमाल ने कहा, इस पहल की सबसे अच्छी बात यह है कि संरक्षण के लिए कई पक्ष एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। ऐसे प्रयास दर्शाते हैं कि स्थानीय समुदाय, संरक्षण विशेषज्ञ, निजी क्षेत्र, वन विभाग और अन्य सरकारी एजेंसियाँ मिलकर गोडावण और उसके संवेदनशील प्राकृतिक आवास की सुरक्षा को और मजबूत बना सकती हैं।

### एमआरपी में पारदर्शिता की मांग को लेकर 12 जून को जंतर-मंतर पर होगा धरना-प्रदर्शन

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत-दिल्ली प्रांत की नई कार्यकारिणी घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के अनुषांगिक संगठन अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के दिल्ली प्रांत की नई कार्यकारिणी का गठन कर उसकी घोषणा की गई। यह घोषणा मुख्य संपर्क अधिकारी श्री अशोक महाजन ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नारायणभाई शाह तथा राष्ट्रीय सचिव श्री जयंतभाई कथिरिया की उपस्थिति में की।

नवगठित कार्यकारिणी में श्री ईश्वरचंद को अध्यक्ष, श्री बृज मोहन गर्ग को उपाध्यक्ष, श्री बंटी चौरसिया को सचिव, श्री निर्मल लवानिया को कोषाध्यक्ष, श्री अनुज चौधरी एवं श्री मुकेश मिश्रा को सह



सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त श्री राजवीर सिंह सोलंकी, श्रीमती मोहनजीत कौर, श्री विजेंद्र शर्मा, श्री कपिल मोगा, श्री आशा शुक्ला तथा श्री अजय शर्मा को प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। संगठन के विभिन्न आयामों के लिए भी नई जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। महिला आयाम टोली में श्रीमती सोनल गुप्ता एवं श्रीमती कुसुम यादव को शामिल किया गया है। प्रचार आयाम टोली में अधिवक्ता विक्रम उपाध्याय, श्रीमती संगीता शर्मा, डॉ. नीति शर्मा तथा श्री धर्मेश गौड़ को दायित्व सौंपा गया है। विधि आयाम टोली में अधिवक्ता गौरांग चाहर एवं अधिवक्ता प्रिया सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। पर्यावरण आयाम टोली में डॉ. अनिल अग्रवाल, श्री आर डी चमोली तथा श्री महेश नौटियाल को शामिल किया गया है, जबकि रोजगार सृजन आयाम में डॉ. आर.के. गुप्ता, प्रो त्रिभुवन जी एवं प्रो. मुकेश जैन को दायित्व प्रदान किया गया है।

इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं उपलब्ध कराना सरकार और उद्योग जगत की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) निर्धारण प्रणाली में पारदर्शिता लाने तथा उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने घोषणा की है कि एमआरपी व्यवस्था में पारदर्शिता और उपभोक्ता हितों की सुरक्षा को लेकर 12 जून को नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नारायणभाई शाह तथा राष्ट्रीय सचिव श्री जयंतभाई कथिरिया के नेतृत्व में सरकार को एक ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। ज्ञापन में एमआरपी निर्धारण की वर्तमान व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा इसके लिए सख्त एवं प्रभावी कानून बनाए जाने की मांग की जाएगी।

# राज्यपाल 'भारत 2047: विकसित भारत का संकल्प' विषय पर आयोजित वार्षिक व्याख्यान में हुए शामिल

**मिशन**

» 140 करोड़ भारतीयों का सामूहिक राष्ट्रीय मिशन है 'विकसित भारत 2047: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने गत सांय पंचानद शोध संस्थान अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित 'भारत 2047: विकसित भारत का संकल्प' विषयक वार्षिक व्याख्यान को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत-2047 का सपना तभी साकार हो सकता है, जब गांव, किसान, युवा और महिलाएं देश के विकास की यात्रा में सशक्त भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था, आधुनिक कृषि, कौशल विकास और उद्यमिता आत्मनिर्भर भारत की नींव हैं।



उन्होंने कहा कि जब वर्ष 2047 में भारत स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण करेगा, तब लक्ष्य केवल आर्थिक रूप से समृद्ध राष्ट्र बनना ही नहीं, बल्कि ऐसा विकसित देश बनना होगा जो समावेशी, आत्मनिर्भर, नवाचार-प्रेरित और मानवीय मूल्यों पर आधारित हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 का दृष्टिकोण केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सामूहिक राष्ट्रीय मिशन है।

राज्यपाल ने वर्ष 1983 में स्थापित पंचानद शोध संस्थान द्वारा समाज और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर शोध, बौद्धिक विमर्श और जन-जागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे सार्थक कार्यों की सराहना की।

गुप्ता ने भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि देश ने डिजिटल तकनीक, नवाचार, स्टार्ट-अप, आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और वित्तीय समावेशन के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक न्याय, पर्यावरणीय संतुलन और सांस्कृतिक मूल्यों को भी समान महत्त्व दिया जाना चाहिए। भारत के डिजिटल परिवर्तन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश का डिजिटल मॉडल आज विश्व के लिए एक उदाहरण बन गया है।

राज्यपाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश प्रतिभा और संभावनाओं से भरपूर राज्य है। उन्होंने युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक कौशल और नवाचार तथा उद्यमिता को बढ़ावा देने वाले वातावरण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि युवा केवल नौकरी की आकांक्षा न रखें, बल्कि रोजगार सृजक बनें।

राज्यपाल ने कहा कि भारत का विकास केवल नीतियों से नहीं, बल्कि युवाओं की ऊर्जा, ज्ञान, चरित्र और देशभक्ति से संभव है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने और सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनने का आह्वान किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने राधिका धीमान की पुस्तक 'पुराण पुरुष: सिक्ख के सूत्र' और अमरदीप सिंह की पुस्तक 'मन बुद्धि का विकास: सिक्खी के सूत्र' का विमोचन भी किया।

इससे पूर्व, पंचानद शोध संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला ने राज्यपाल को सम्मानित किया तथा 'भारत 2047: विकसित भारत का संकल्प' विषय पर विचारोत्तेजक व्याख्यान प्रस्तुत किया।

# बौखलाहट में क्यों जनादेश और जनप्रतिनिधियों का अपमान कर रहे हैं मुख्यमंत्री : जयराम ठाकुर

**हार**

» बोले, परंपरा तोड़ हार की खीझ निकाल रही सरकार



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** शिमला से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू हार से बौखलाहट में हैं, इसीलिए जनादेश का लगातार अपमान कर रहे हैं। प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को नकार कर भाजपा को जनादेश दिया, यह बात मुख्यमंत्री स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। इसी वजह से वह अब विजयी जनप्रतिनिधियों के साथ अपमानजनक व्यवहार कर रहे हैं। एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री ने जिला परिषद और ब्लॉक समिति के सदस्यों को लेकर अपमानजनक बयान दिया, जो जनादेश का अपमान था। अब उनके शपथ ग्रहण समारोह में भी सरकार द्वारा किया गया कृत्य बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। जनप्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण समारोह में सदैव ही परिजनों के जाने की परंपरा रही है। यह जनप्रतिनिधि और परिजनों के लिए एक सम्मान का क्षण होता है, जिसे हर कोई एक उत्सव की तरह मनाना चाहता है। लेकिन सरकार ने जिला परिषद सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में परिजनों और मीडिया को न जाने देकर अपनी बौखलाहट ही दिखाई है। इसी बौखलाहट में लगातार प्रदेश के जनप्रतिनिधियों का अपमान कर रहे हैं और उन्हें नीचा दिखाने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सूबे के मुखिया होने के नाते मुख्यमंत्री को जनमत का सम्मान करना चाहिए था।

# ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है राज्य सरकार : मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला के निकट पोआबो गांव में वन विभाग द्वारा लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से विकसित महत्वाकांक्षी इको-टूरिज्म एवं नेचर इंटरप्रिटेशन प्रोजेक्ट कमियाना हिल टॉप नेचर ट्रेल के प्रथम चरण का लोकार्पण किया। लगभग 8 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली इस परियोजना में 2.5 किलोमीटर लंबा प्रकृति पथ (नेचर ट्रेल) विकसित किया गया है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता, प्रकृति के प्रति रुचि, जैव विविधता संरक्षण तथा सतत पर्यटन को बढ़ावा देना है।

इस ट्रेल को हल्की ढलान के साथ इस प्रकार विकसित किया गया है



कि सभी आयु वर्ग के लोग, विशेषकर वरिष्ठ नागरिक और बच्चे, आसानी से इसका आनंद ले सकें। पहाड़ी की चोटी से आसपास के हिमालयी क्षेत्र के मनमोहक दृश्य दिखाई देते हैं, जिनमें शाली शिखर, महासू शिखर, नालदेहरा हॉर्स ट्रेल, मशोबरा, क्रैगनैनो नेचर पार्क तथा शिमला जलग्रहण क्षेत्र प्रमुख हैं। परियोजना का एक विशेष आकर्षण वामन वृक्ष मंडल (बोनसाई उद्यान) है, जिसमें 15 प्रजातियों के लगभग 40 बोनसाई पौधे प्रदर्शित किए गए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के अंतर्गत स्वीकृत 16 सड़कों के निर्माण के लिए 5.20 करोड़ रुपये प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ईमानदारी, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना के साथ कार्य कर रही है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं, मक्का, जौ, हल्दी और अदरक के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जिससे प्रदेश के हजारों किसानों को लाभ मिल रहा है। गेहूं का एमएसपी 60 रुपये से बढ़ाकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम, मक्का का 40 रुपये से बढ़ाकर 50 रुपये प्रति किलोग्राम तथा चंबा जिले की पांगी घाटी में उत्पादित जौ का एमएसपी 60 रुपये से बढ़ाकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम किया गया है।

# बणी पंचायत के मंगरोली गांव के प्रतिनिधिमंडल ने अनुराग ठाकुर से की भेंट



**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** बणी पंचायत के मंगरोली गांव की शिव मंदिर समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने समिति अध्यक्ष सुरेश बन्याल की अगुवाई में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर से शिष्टाचार भेंट की।

प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ नागरिक हरिचंद बन्याल, सरबण सिंह बन्याल, रणबीर सिंह बन्याल, रघुवीर सिंह बन्याल, दुनी चंद, करतार चंद तथा सरबजीत सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

भेंट के दौरान मंदिर समिति के वरिष्ठतम सदस्य 96 वर्षीय हरिचंद बन्याल ने अनुराग ठाकुर के साथ प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल के मुख्यमंत्री कार्यकाल से जुड़ी अनेक स्मृतियां और आत्मीय प्रसंग साझा किए।

उन्होंने उस दौर के विकास कार्यों तथा जनता से जुड़े अनुभवों का भी उल्लेख किया।

## संक्षिप्त खबरें

### उपायुक्त ने दिलाई शिमला जिला के नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को शपथ



**चमन शर्मा**

**शिमला।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने आज जिला शिमला के नव निर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को बचत भवन के सभागार कक्ष में शपथ दिलाई जिसमे सभी 25 वार्ड के नव निर्वाचित सदस्य शामिल रहे।

नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों के तहत वार्ड संख्या 1 त्यावल ज्यूरी से कुमारी अनुराधा, वार्ड संख्या 2 झाकड़ी से कुमारी ममता, वार्ड संख्या 3 नरैण से रॉनी, वार्ड संख्या 4 बगलती से रानु देवी, वार्ड संख्या 5 सीमा रणटाड़ी से सुरेंद्र रेटका, वार्ड संख्या 6 क्वार से मनजीत सिंह, वार्ड संख्या 7 खशधार से धर्मेंद्र सिंह, वार्ड संख्या 8 भलूण से कल्पना देवी, वार्ड संख्या 9 टिककर से भरत सिंह कलांटा, वार्ड संख्या 10 सरस्वती नगर से कुमारी नेहा मेहता, वार्ड संख्या 11 बढाल से मीनाक्षी, वार्ड संख्या 12 कलबोग से रेखा चौहान व वार्ड संख्या 13 चडोली से कुमारी मन्नत तेगवान ने जिला परिषद सदस्य की शपथ ली।

इसी प्रकार वार्ड संख्या 14 चन्दलोग नेरूवा से भोपेंद्र, वार्ड संख्या 15 गोरली मड़ावग से अतुल शर्मा, वार्ड संख्या 16 घोड़ना से सुरेंद्र कुमार, वार्ड संख्या 17 टियाली से कुमारी नेहा जगटा, वार्ड संख्या 18 क्यार से आशा कंवर, वार्ड संख्या 19 चमियाना से खुश विक्रम सेन, वार्ड संख्या 20 बल्देंया से ओम प्रकाश, वार्ड संख्या 21 बढ़ई से प्रियंका तनवर, वार्ड संख्या 22 हलोग धामी से अनीता देवी, वार्ड संख्या 23 खटनोल से कुमारी प्रभा उर्फ शिवानी, वार्ड संख्या 24 कुमारसैन से तारा देवी व वार्ड संख्या 25 भुटटी से संदीप को शपथ दिलाई गई।

### इंटरनेशनल शिमला समर फेस्टिवल-2026 में गूंजेगी देशभर की प्रतिभाओं की आवाज़

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** इंटरनेशनल शिमला समर फेस्टिवल-2026 के अंतर्गत आयोजित प्रतिष्ठित गायन प्रतियोगिता वॉइस ऑफ माउंटेन्स के मेगा ऑडिशन का आज ऐतिहासिक गेयटी थियेटर, शिमला में सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने अपनी मधुर आवाज़ और शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों एवं निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

ऑडिशन में महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड सहित देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी गायन प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य निर्णायक मंडल में प्रोफेसर डॉ. रोहित मोक्टा, प्रोफेसर कामिनी शांडिल तथा विनोद चन्ना शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति, सुर, ताल, अभिव्यक्ति एवं मंचीय प्रदर्शन के आधार पर उनका मूल्यांकन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (प्रोटोकॉल) शिमला ज्योति राणा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे मंच युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि वॉइस ऑफ माउंटेन्स केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि देश और हिमाचल की उभरती हुई प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का सशक्त माध्यम है।

मेगा ऑडिशन के उपरांत 30 प्रतिभागियों का चयन अगले चरण अर्थात थिएटर राउंड के लिए किया गया है, जिसका आयोजन 7 जून को किया जाएगा।

# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल हरदासपुरा में विश्व पर्यावरण दिवस पर गूंजा पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति का संदेश



**हामिद खान**

**चंबा।** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, हरदासपुरा (चम्बा) में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रकृति से प्रेरित जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए थीम के तहत आयोजित इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना, सामाजिक उत्तरदायित्व और सकारात्मक जीवन मूल्यों का विकास करना था। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए एक विशेष जागरूकता सत्र भी चलाया गया।

विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी कला और वाणी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाई विद्यार्थियों के लिए लीफ एंड वेजिटेबल इम्प्रेशन पेंटिंग (पत्तियों एवं सब्जियों की छाप चित्रकला) प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने प्राकृतिक सामग्री का उपयोग कर बेहद आकर्षक चित्र बनाए। पांचवी कक्षा के छात्रों ने पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण जैसे ज्वलंत विषयों को रंगों के माध्यम से चार्ट पर जीवंत किया। दसवीं कक्षा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में सघन वृक्षारोपण अभियान चलाकर धरती को हरा-भरा करने का संकल्प लिया। जमा एक तथा जमा दो के विद्यार्थियों के लिए एक ज्ञानवर्धक पर्यावरण जागरूकता प्रश्नोत्तरी (क्विज) का आयोजन हुआ, जिसमें जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास पर छात्रों ने अपने उत्कृष्ट ज्ञान का प्रदर्शन किया।

पर्यावरण दिवस के इस विशेष मंच का उपयोग समाज की एक और बड़ी बुराई नशे के खिलाफ आवाज उठाने के लिए किया गया। कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एंटी-चिट्टा अवेयरनेस एंड काउंसलिंग प्रोग्राम (चिट्टा विरोधी जागरूकता एवं परामर्श कार्यक्रम) का आयोजन किया गया।

# मुख्यमंत्री के बयान और 'पांच अटैची' मामले पर कांग्रेस सरकार को जवाब देना होगा : अनुराग ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री के हालिया बयान और चर्चित 'पांच अटैची' मामले को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए बयानों से प्रदेश की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है और अब सरकार को जनता के सामने स्पष्ट जवाब देना चाहिए।



अनुराग ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री पहले 'पांच अटैची' का मुद्दा उठाते हैं और फिर उस पर कोई ठोस जानकारी सार्वजनिक नहीं करते। यदि सरकार के पास कोई तथ्य हैं तो उन्हें जनता के सामने रखा जाए, अन्यथा ऐसे बयानों से केवल भ्रम और राजनीतिक माहौल खराब होता है।

उन्होंने मुख्यमंत्री के हालिया बयान पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों की गरिमा बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है। प्रदेश की जनता विकास, रोजगार और मूलभूत सुविधाओं पर जवाब चाहती है, लेकिन कांग्रेस सरकार लगातार विवादित बयानों के कारण सुर्खियों में बनी हुई है।

भाजपा सांसद ने कहा कि प्रदेश की जनता सब कुछ देख रही है और कांग्रेस सरकार को अपने दावों, बयानों और आरोपों पर जवाबदेह होना पड़ेगा। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री 'पांच अटैची' मामले सहित अपने सभी आरोपों पर स्पष्ट स्थिति रखें ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके।

# डिजिटल मार्केटिंग, जीईएम पोर्टल एवं एमएसई-सीडीपी योजनाओं से अवगत हुए कोटगढ़ के उद्यमी

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** उद्योग विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा थानेदार पंचायत, जिला शिमला में मार्केटिंग एंड डिजिटल लिटरेसी एंड डिजिटल टूल्स फॉर ब्रांड बिल्डिंग, जीईएम (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) पोर्टल तथा एमएसई-सीडीपी योजना पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों एवं एमएसएमई इकाइयों को डिजिटल सशक्तिकरण, सरकारी खरीद प्लेटफॉर्म तथा विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक करना था। कार्यशाला में कोटगढ़ एवं आसपास के क्षेत्रों के



विभिन्न उद्योगों तथा एमएसएमई इकाइयों से जुड़े 30 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित प्रधान, थानेदार पंचायत, सुचेता ठाकुर, एक्सटेंशन ऑफिसर यशपाल तथा रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर अजय कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला में बताया गया कि किस प्रकार डिजिटल तकनीकों को अपनाकर छोटे उद्यमी भी अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना सकते हैं।

## व्हाट्सएप कॉल पर जान से मारने की धमकियां देने का आरोप, मामला दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊना।** पुलिस थाना सदर ऊना के तहत गांव डंगोली में एक व्यक्ति को व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से लगातार जान से मारने की धमकियां देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मोहन सिंह निवासी डंगोली ने बताया कि वह पेशे से राजमिस्त्री हैं। आरोप है कि गांव के ही बलवीर सिंह पिछले करीब एक सप्ताह से उन्हें और उनके परिवार को व्हाट्सएप कॉल के जरिए लगातार धमकियां दे रहा था।

# अधिवक्ता को फिर मिली जान से मारने की धमकी, अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊना।** उपमंडल गगरेट के एक अधिवक्ता को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फोन कर जान से मारने की धमकियां देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस को दी शिकायत में चतेहड़ निवासी अधिवक्ता अरुण कुमार ने बताया कि वह जिला एवं सत्र न्यायालय ऊना सहित अन्य न्यायालयों में वकालत करते हैं तथा कलोह में अपना कार्यालय संचालित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गत दिवस उनके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

शिकायतकर्ता के अनुसार कॉलर ने कहा कि उसका बड़ा भाई गोगी चुनाव जीत चुका है और अब वह उन्हें तथा उनके परिवार को खत्म कर देंगे। इससे पहले भी उन्हें इसी प्रकार की धमकियां मिल चुकी हैं। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले एक अन्य अज्ञात नंबर से भी फोन आया था, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को गोगी का भाई बताते हुए उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी। अरुण



कुमार ने बताया कि वर्ष 2022 से लगातार अलग-अलग मोबाइल नंबरों से उन्हें व्हाट्सएप कॉल, वॉयस कॉल और सामान्य फोन कॉल के माध्यम से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। डीएसपी अंब अनिल पटियाल ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## किन्नौर जिला के पूह उपमंडल में 9 जून, 2026 को किया जाएगा पशु मित्र के लिए योग्य अभ्यर्थियों का शारीरिक परीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**रिकांगपिओ।** डॉ. राकेश कुमार, वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी पूह, पशुपालन विभाग ने आज बताया कि जिला किन्नौर के पूह उपमंडल में पशु मित्र की भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षण का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत 09 जून, 2026 को पूह उपमंडल के मेला ग्राउंड पूह में प्रात: 10 बजे पात्र अभ्यर्थियों का शारीरिक परीक्षण लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पूह उपमंडल के तहत पशु मित्र पशु चिकित्सालय रिब्बा, स्पीलो, मूरंग व ज्ञाबुंग के रिक्त पदों पर भर्ती किए जाएंगे और वर्तमान प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों



में पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है तथा पशुपालकों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था विशेषकर ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक लाभ मिल सके।

# जनगणना की तैयारियों को मिली गति, टाहलीवाल में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**राजन पुरी**

**ऊना।** जनगणना 2026 के प्रथम चरण एचएलओ के सफल संचालन को लेकर नगर पंचायत टाहलीवाल कार्यालय में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रशिक्षण शिविर में हरोली विधानसभा क्षेत्र के प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना संबंधी प्रक्रियाओं, डेटा संग्रहण और तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान ललित मोहन ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जनगणना को सुचारू एवं



प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न स्थानों पर अध्यापकों एवं नियुक्त कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हरोली विधानसभा क्षेत्र के लिए तीन बैच निर्धारित किए गए हैं। इनमें कुल 116 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इनमें से दो बैचों का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है, जबकि तीसरे बैच का प्रशिक्षण 8 से 10 जून तक हरोली में आयोजित किया जाएगा।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बरमाना में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर।

**बिलासपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरमाना में विश्व पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न ज्ञानवर्धक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए ग्रीन डे के आयोजन से हुई। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने हरे रंग की वेशभूषा में बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण के प्रति अपना प्रेम प्रदर्शित किया। बच्चों ने पेड़-पौधों, हरियाली और स्वच्छ वातावरण के महत्व को आकर्षक प्रस्तुतियों के जरिए दर्शाया।कक्षा प्रथम और द्वितीय के विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण विषय पर



प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, वन्य जीव, पेड़-पौधों और स्वच्छता से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दिए ।कक्षा तृतीय से पंचम तक के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर निर्माण और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण जैसे विषयों पर प्रभावशाली पोस्टर और प्रेरणादायक स्लोगन प्रस्तुत किए।कक्षा षष्ठी से दशम तक के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दते हुए जागरूकता रैली निकाली । विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां लेकर वृक्षारोपण, प्लास्टिक के कम उपयोग और स्वच्छता बनाए रखने का आवाहन किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपिका शर्मा ने विद्यार्थियों को विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम क्लाइमेट एक्शन फॉर ए बेटर टुमारो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज की सबसे गंभीर वैश्विक चुनौतियों में से एक है। इससे निपटने के लिए हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

## विकास खंड कुल्लू की नवनिर्वाचित पंचायत समिति के सदस्यों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन



टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

**कुल्लू।** विकास खंड कुल्लू की नवनिर्वाचित पंचायत समिति के सदस्यों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। खंड विकास कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में उपमंडलाधिकारी (नागरिक) कुल्लू, निशांत ठाकुर ने उपस्थित सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सदस्यों ने पूर्ण सत्यनिष्ठा और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और ग्रामीण विकास के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। खंड विकास कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित इस आधिकारिक कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने औपचारिक रूप से अपने पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। उपमंडलाधिकारी निशांत ठाकुर ने सभी नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों को चुनाव में जीत दर्ज कर सदन का हिस्सा बनने पर बधाई दी। एसडीएम ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत समिति ग्रामीण विकास की एक बेहद मजबूत और महत्वपूर्ण कड़ी है।

# मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना बनी सहारा, निराश्रित सीता राम को दिया आत्मनिर्भर जीवन का नया आधार

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

**कुल्लू,** कभी जीवन में ऐसा दौर भी था जब कुल्लू जिला की लग घाटी के सालंग गांव के 24 वर्षीय सीता राम के सामने भविष्य पूरी तरह अनिश्चित दिखाई देता था। माता-पिता का साया सिर से उठ चुका था। जीवन यापन का कोई स्थायी साधन नहीं था और परिस्थितियां इतनी कठिन थीं कि आगे की राह दिखाई नहीं देती थी। ऐसे समय में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना उनके लिए आशा की किरण बनकर सामने आई। मुख्यमंत्री, सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने 0 से 27 वर्ष के निराश्रित बच्चों और युवाओं के लिए उनके पालन पोषण शिक्षा दीक्षा और उच्च शिक्षा की संपूर्ण व्यवस्था के अतिरिक्त रोजगार के अवसर भी प्रदान किये जा रहे हैं। इस योजना में की गई है। जिससे यह बच्चे मुख्यमंत्री की संवेदनशील सोच और उदार नीति की



वजह से चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट बनकर सम्मानजनक जीवन जी का रहे हैं केवल आर्थिक सहायता का प्रावधान ही नहीं किया है, बल्कि उन्हें सम्मानपूर्वक और आत्मनिर्भर जीवन जीने का अवसर भी प्रदान किया है। इसी सोच का जीवंत उदाहरण हैं सीता राम, जिनके जीवन में सुखाश्रय योजना ने नया अध्याय लिख दिया। सीता राम बताते हैं कि माता-पिता के निधन के बाद उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने भविष्य को सुरक्षित करने की थी। रहने के लिए उचित व्यवस्था नहीं थी और रोजगार का कोई साधन भी उपलब्ध नहीं था। ऐसे समय में सरकार ने उनके लिए अभिभावक की भूमिका निभाई। योजना के तहत उन्हें अपना घर बनाने के लिए तीन लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही स्वरोजगार स्थापित करने के लिए दो लाख रुपये की अतिरिक्त आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करवाई

# आरंग में लाइन बुवाई प्रदर्शन से किसानों को मिली वैज्ञानिक खेती की नई दिशा

टीम एक्शन इंडिया

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (एचपीसीडीपी-II) जायका-ओडीए के अंतर्गत खंड परियोजना प्रबंधक इकाई मंडी द्वारा उप-परियोजना पधर के आरंग क्षेत्र में खाद्यान्न उत्पादकता कार्यक्रम के तहत मक्की की लाइन बुवाई का प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को उन्नत एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से परिचित करवाना तथा फसल उत्पादकता में वृद्धि करना है। कृषि विशेषज्ञ डॉ. पी.एल. शर्मा एवं डॉ. आर.के. शर्मा के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में यह प्रदर्शन किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि लाइन बुवाई पद्धति अपनाने से बीज की उचित मात्रा का उपयोग



सुनिश्चित होता है। इसके अलावा पौधों की समान वृद्धि होती है तथा निराई-गुड़ाई, उर्वरक प्रबंधन और सिंचाई कार्य अधिक प्रभावी ढंग से किए जा सकते हैं। इससे उत्पादन लागत में कमी आने के साथ-साथ फसल की उत्पादकता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होती है। प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन के दौरान किसानों को उन्नत किस्मों के चयन, संतुलित उर्वरक उपयोग, खरपतवार नियंत्रण तथा फसल संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी प्रदान की गईं। किसानों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और वैज्ञानिक खेती की तकनीक अपनाने में गहरी रुचि दिखाई। इस अवसर पर डॉ. राजेश कुमार, खंड परियोजना प्रबंधक मंडी, डॉ. हंसराज, कृषि विकास अधिकारी, जायका परियोजना के अधिकारी एवं कर्मचारी, कृषक विकास संघ के पदाधिकारी, ग्राम पंचायत के प्रधान एवं उपप्रधान सहित क्षेत्र के अनेक किसान उपस्थित रहे।

# संगठनात्मक कमजोरी कांग्रेस को पंचायत चुनावों में पड़ी भारी : चमन राही

टीम एक्शन इंडिया

**मंडी।** अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने हाल ही में संपन्न पंचायती राज चुनावों के परिणामों का विश्लेषण करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस को अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के पीछे संगठनात्मक कमजोरियां और सामाजिक वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व न मिलना प्रमुख कारण रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला परिषद, पंचायत समिति, प्रधान, उपप्रधान और पंच पदों के चुनावों में भाजपा ने जिस तरह बूथ स्तर तक अपनी संगठनात्मक ताकत का प्रदर्शन किया, उससे स्पष्ट है कि पार्टी ने चुनाव को पूरी रणनीति और गंभीरता के साथ लड़ा। भाजपा के पन्ना प्रमुखों से लेकर मंडल पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और



विधायकों तक सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहे और लगातार जनसंपर्क अभियान चलाते रहे, जिसका लाभ पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को मिला। राही ने कहा कि दूसरी ओर कांग्रेस संगठन चुनावों के दौरान अपेक्षित रूप से सक्रिय दिखाई नहीं दिया। कई जिलों में पार्टी अध्यक्षों की नियुक्ति तो कर दी गई, लेकिन कार्यकारिणियों का गठन समय पर नहीं हो पाया, जिससे जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय और संगठनात्मक मजबूती का अभाव देखने को मिला। मंडी के भाजपा विधायक अनिल शर्मा के बारे में कहा जाता हैं मंडी जिला में उनका जादू चला लेकिन यह सब झूठ है।

## पंचायत चुनावों में धर्मपुर क्षेत्र में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को व्यापक जनसमर्थन मिला : रजत ठाकुर

टीम एक्शन इंडिया

**मंडी।** पंचायत चुनावों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत के बाद धर्मपुर भाजपा मंडल कार्यालय में एक बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडलाध्यक्ष लेखराज ठाकुर ने की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ठाकुर महेन्द्र सिंह तथा धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रजत ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में पंचायत चुनावों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को मिली सफलता पर खुशी व्यक्त की गई तथा विजयी प्रतिनिधियों को बधाई दी गई। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पंचायत प्रधानों, उपप्रधानों, पंचायत समिति सदस्यों, जिला परिषद सदस्यों तथा पार्टी पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता रजत ठाकुर ने कहा कि पंचायत चुनावों के परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि धर्मपुर क्षेत्र की जनता का विश्वास भाजपा की नीतियों और विकासात्मक कार्यों पर लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर मिली यह सफलता आने वाले समय में संगठन को और अधिक मजबूत करने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों में धर्मपुर क्षेत्र में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को व्यापक जनसमर्थन मिला है। उन्होंने दावा किया कि धर्मपुर क्षेत्र से भाजपा समर्थित तीन जिला परिषद सदस्य, 13 पंचायत समिति सदस्य तथा लगभग 50 पंचायत प्रधान विजयी हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत, संगठन की मजबूती और जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों के नतीजों ने स्पष्ट संदेश दिया है कि क्षेत्र की जनता विकास और सुशासन की राजनीति के साथ खड़ी है। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। इस अवसर पर विभिन्न पंचायतों के नवनिर्वाचित प्रधान, उपप्रधान, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, भाजपा मंडल एवं मोर्चा पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का समापन पार्टी की मजबूती और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के संकल्प के साथ हुआ।

# तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन

टीम एक्शन इंडिया

**मंडी।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांगणा में आयोजित तीन दिवसीय पर्यवेक्षक एवं प्रगणक जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन आज दिनांक 06 जून 2026 को संपन्न हुआ।

इस अवसर पर चार्ज ऑफिसर एवं नायब तहसीलदार करसोग राहुल शर्मा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक समापन किया तथा सभी प्रतिभागियों को जनगणना कार्य को पूर्ण जिम्मेदारी, निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ संपन्न करने के लिए प्रेरित किया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य फील्ड ट्रेनर श्याम लाल एवं उत्तम चन्द रहे। दोनों प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित विभिन्न पहलुओं, आंकड़ों के सही संकलन, डिजिटल माध्यमों के उपयोग तथा क्षेत्रीय कार्यों की प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को व्यवहारिक एवं तकनीकी जानकारी भी दी गई ताकि वे अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कुल 31 प्रगणकों एवं 7 पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन ऑफिस कानूनगो पांगणा भजन सिंह द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया तथा भविष्य में जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने का संकल्प लिया।

## माइंड ऑपरेशन अकैडमी में प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ संस्कृति, आध्यात्मिकता और जीवन मूल्यों पर भी दिया जाता है विशेष ध्यान

टीम एक्शन इंडिया
संगराय

**जोगिंद्रनगर।** आज की शिक्षा प्रणाली बच्चों को केवल नौकरी के लिए तैयार करती है, लेकिन जीवन जीने की कला, संस्कार, चरित्र निर्माण और मानसिक विकास पर बहुत कम ध्यान देती है। इसी उद्देश्य को लेकर माइंड ऑपरेशन अकैडमी एक अनूठी पहल कर रही है माइंड ऑपरेशन अकैडमी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और जीवन मूल्यों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यहां बच्चों को मेडिटेशन, सकारात्मक सोच, व्यवहारिक ज्ञान, नैतिक शिक्षा और व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया जाता है हर सप्ताह बच्चों के लिए विशेष मेडिटेशन और काउंसलिंग सेशन आयोजित किए जाते




हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है, एकाग्रता मजबूत होती है और मानसिक तनाव कम होता है निदेशक राम प्रकाश ठाकुर ने कहा अकादमी का उद्देश्य केवल पढ़ाई करवाना नहीं, बल्कि ऐसे युवा तैयार करना है जो अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार हों। बच्चों को भारत की गौरवशाली ज्ञान परंपरा, भगवद्गीता, रामायण, महाभारत, वेदों तथा नालंदा और तक्षशिला जैसी महान शिक्षण परंपराओं के बारे में भी जागरूक किया जाता है हाल ही में 23 छात्रों ने अकादमी से अग्निवीर की परीक्षा पास की और ये सभी बच्चे अब देश की सेवा करेंगे पिछली हिमाचल प्रदेश पुलिस कांस्टेबल लिखित परीक्षा में माइंड ऑपरेशन अकैडमी ने पूरे प्रदेश में प्रथम और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को तैयार करके अपनी गुणवत्ता सिद्ध की है अकादमी से मनीषा चौहान प्रथम और सालवी ठाकुर ने तृतीय स्थान हासिल किया था यदि आप भी चाहते हैं कि आपका बच्चा आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कार आत्मविश्वास अनुशासन और भारतीय संस्कृति का ज्ञान प्राप्त करे,

## श्री रणजीत सिंह, परियोजना प्रमुख एवं अन्य अधिकारियों द्वारा नगवाई कार्यालय में पौधारोपण करते हुए

श्याम कुल्वी

**कुल्लू।** एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II द्वारा दिनांक 5 जून 2026 को विश्व पर्यावरण के थीम के अंतर्गत परियोजना की विभिन्न साइटों पर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। श्री रणजीत सिंह, परियोजना प्रमुख ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जीवन शैली तथा ऊर्जा संरक्षण पर जोर देते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई । इस अवसर पर पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II नगवाई कार्यालय में श्री रणजीत सिंह, परियोजना प्रमुख, श्री संतोष कुमार, महाप्रबंधक (विद्युत), आदि।

# राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना-2023 के तहत ई-टैक्सी के लिए 16 जून तक करें आवेदन

टीम एक्शन इंडिया

**मंडी।** जिला रोजगार अधिकारी, मंडी अरविंद सिंह चौहान ने आज यहां बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 'राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना-2023' के अंतर्गत युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने तथा हरित एवं स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ई-टैक्सी योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के लिए इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से 16 जून,2026 तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत ई-टैक्सी की खरीद पर पात्र लाभार्थियों को वाहन लागत का 50 प्रतिशत तक अनुदान (सब्सिडी) प्रदान किया जाएगा। योजना का उद्देश्य प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को स्थायी स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा हरित हिमाचल के निर्माण में युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करना है। योजना के लिए पात्रता के अनुसार आवेदक हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए। उसकी आयु 23 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उसके पास वैध कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। आवेदक का हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में कम से कम एक वर्ष से पंजीकृत होना अनिवार्य है तथा उसकी वार्षिक पारिवारिक आय तीन लाख रुपये से कम होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी परिवहन विभाग के पोर्टल पर आवश्यक दस्तावेजों सहित ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उपलब्ध सूचना के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 16 जून, 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने जिले के सभी पात्र एवं इच्छुक युवाओं से आग्रह किया है कि वे इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाकर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाएं तथा प्रदेश सरकार की हरित एवं स्वच्छ परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अपना योगदान दें। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी श्रम, रोजगार एवं विदेशी नियोजन विभाग हि0प्र0 0177-2625277 अथवा जिला रोजगार कार्यालय, मंडी के दूरभाष नंबर 01905-235508 पर कार्यालय समय के दौरान संपर्क कर सकते हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिला वानिकी महाविद्यालय का छात्र, जांच में जुटी पुलिस



टीम एक्शन इंडिया

मंडी। जिला मंडी के गोहर उपमंडल के नेहरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गणई में शनिवार सुबह एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 25 वर्षीय देवन ठाकुर पुत्र कुलदीप ठाकुर निवासी गांव सुंगल, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। देवन ठाकुर औद्योगिकी एवं वानिकी महाविद्यालय थुनाग (गुड़ाहरी), गोहर में अंतिम वर्ष का छात्र था। जानकारी के अनुसार देवन ठाकुर फरवरी माह से गणई में एक निजी मकान में किराये पर अकेला रह रहा था। शनिवार सुबह उसकी माता ने मकान मालिक को फोन कर बताया कि उनका बेटा फोन नहीं उठा रहा है तथा कमरे में जाकर उसकी कुशलक्षेम जानने का आग्रह किया। जब मकान मालिक कमरे तक पहुंचा और दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा अंदर से बंद था। बाद में दरवाजे को जोर से धक्का देने पर वह खुल गया, जहां युवक कमरे में मृत अवस्था में पाया गया। घटना की सूचना तुरंत गोहर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। वहीं परिजनों को भी घटना की जानकारी दी गई। औद्योगिकी एवं वानिकी महाविद्यालय के डीन डॉ. पीएल शर्मा सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी मौके पर पहुंचे।

पुलिस की प्रारंभिक जांच के दौरान कमरे से कुछ इंजेक्शन और संदिग्ध दवाइयां मिलने की जानकारी सामने आई है। पुलिस ने इन्हें कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हालांकि अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अभी मौत के कारणों को लेकर कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

मृतक देवन ठाकुर अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी एक बहन है, जिसकी शादी हो चुकी है। बेटे की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और परिजन गहरे सदमे में हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नेरचौक मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना से पूरे क्षेत्र और महाविद्यालय में शोक की लहर है।

## साईगलू व आसपास के क्षेत्र में 9 जून को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**मंडी।** विद्युत उप-मंडल साईगलू के सहायक अभियंता विनीत ठाकुर ने आज यहां बताया कि विद्युत लाइनों की मरम्मत के कारण 9 जून को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दिन बिजनी से साईगलू फीडर की 33केवी व 22केवी लाइन की तारों के साथ लगे पेड़ों की काट-छांट, बिजली की तारों की मरम्मत तथा विद्युत उप-केन्द्र साईगलू में आवश्यक कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विद्युत उप-मंडल साईगलू के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों साईगलू, गोखड़ा, बीर, कोटली, भरगांव और कड़कोह के तहत आने वाले गांवों साईगलू, साई, पपराहल, धड़याना, सदयाना, बग्गी, गोखड़ा, बटाहर, सेहली, लोट, तल्याहड़, रन्धाड़ा, आदि।

# कोटली कॉलेज बंद करने के फैसले के खिलाफ छात्रों और अभिभावकों का प्रदर्शन

**चेतावनी**

**फैसला वापस लेने की मांग, समाजसेवी भास्कर ठाकुर ने दी आंदोलन की चेतावनी**

टीम एक्शन इंडिया

**मंडी।** राजकीय महाविद्यालय कोटली को बंद किए जाने के प्रस्तावित निर्णय के विरोध में कॉलेज छात्राओं, अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से कॉलेज को बंद करने का



फैसला तुरंत वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि संस्थान को बंद करने के बजाय यहां शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार किया जाना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान छात्राओं ने कहा कि कोटली क्षेत्र की अनेक बेटियां इसी कॉलेज में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। यदि कॉलेज बंद किया जाता है तो उन्हें पढ़ाई के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाना पड़ेगा, जिससे उनकी शिक्षा प्रभावित होगी। छात्राओं ने कहा कि सरकार को कॉलेज में नए पाठ्यक्रम, शिक्षकों और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करनी चाहिए, न कि इसे बंद करने का निर्णय लेना चाहिए।

अभिभावकों ने भी सरकार के फैसले पर कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अधिकांश परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं और अपनी बेटियों को 30 किलोमीटर या उससे अधिक दूरी पर स्थित कॉलेजों में पढ़ने के लिए भेजना उनके लिए संभव नहीं है। परिवहन और अन्य खर्च वहन करना गरीब परिवारों के लिए कठिन है। उन्होंने कहा कि कोटली कॉलेज क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का प्रमुख केंद्र है

# पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण को दी जा रही सर्वोच्च प्राथमिकता: अपूर्व देवगन

टीम एक्शन इंडिया

**मंडी।** उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मंडी जिला में पेंशनर्स की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। पेंशनर्स हमारे वरिष्ठ नागरिक हैं और हमारा प्रयास है कि इन्हें कोई समस्या न हो, इसके लिए जिला के सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। वे आज उपायुक्त कार्यालय सभागार मंडी में हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की मंडी जिला इकाई की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स की समस्याओं का बिना किसी देरी के



समाधान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अस्पताल रोड स्थित पेंशनर्स भवन की जमीन की लीज अवधि बढ़ाने के संबंध में राजस्व अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार लंबित चिकित्सा बिलों का भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। फिर भी अगर किसी विभाग के चिकित्सा बिल किसी कारणवश लंबित हैं तो सम्बन्धित अधिकारी उसके लिए सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार अपने विभाग से बजट लेकर उनका शीघ्र भुगतान करें। पेंशनर्स की मांग पर उपायुक्त ने कहा कि सभी उपमंडल स्तर पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोहों में पेंशनरों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही उपमंडल स्तर पर पेंशनरों की बैठकों के लिए स्थान उपलब्ध करवाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

## नवनिर्वाचित जिला परिषद कुल्लू के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

श्याम कुल्वी

**कुल्लू।** जिला परिषद कुल्लू के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए एक विशेष शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिला परिषद के सम्मेलन कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में उपायुक्त कुल्लू, अनुराग चंद्र शर्मा ने उपस्थित सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

समारोह के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने पूर्ण सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता और कर्तव्यपरायणता के साथ अपने पद पर कार्य करने और जनहित के प्रति समर्पित रहने की शपथ ली। सम्मेलन कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी नवनिर्वाचित सदस्यों ने अपने पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण की।

## भड़याड़ा पंचायत में धूमधाम से मनाया पर्यावरण दिवस, खाली जमीन पर किया पौधारोपण

टीम एक्शन इंडिया
संगराय

**जोगिंदनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत भड़याड़ा में पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता पंचायत के नवनिर्वाचित प्रधान अभिनय ने की। इस



अवसर पर पंचायत वासियों ने पंचायत में खाली पड़ी जमीन पर पौधारोपण किया तथा लगाए गए पौधों को पांच साल तक देखरेख करने की शपथ ली। इस अवसर पर प्रधान अभिनय ने पंचायत की जनता से आह्वान किया कि वे अपनी पंचायत को साफ-सुथरा रखें और पर्यावरण को बचाने के लिए हर वर्ष पौधारोपण करें, ताकि आने वाली पीढ़ी को शुद्ध हवा और हरियाली मिल सके।

# पंजगाई स्कूल में सीबीएसई संबद्धता में देरी से छात्रों का भविष्य अधर में पूर्व विधायक बंबर ठाकुर को सौंपा ज्ञापन

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर



**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंजगाई में सीबीएसई संबद्धता प्रक्रिया में हो रही देरी को लेकर क्षेत्र के लोगों ने गहरी चिंता जताई है। ग्राम पंचायत पंजगाई, धौन कोठी, धार टटोह एवं आसपास के गांवों के निवासियों ने इस संबंध में सदर बिलासपुर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर को ज्ञापन सौंपकर त्वरित हस्तक्षेप की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि विद्यालय के सरकार के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद सीबीएसई बोर्ड से संबद्धता और नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश प्रक्रिया को जानबूझकर टाला जा रहा है। इससे सैकड़ों छात्रों का शैक्षणिक भविष्य संकट में पड़ गया है।लोगों ने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार की गुणवत्ता शिक्षा पहल के तहत इस विद्यालय को सत्र 2025-26 से सीबीएसई से जोड़ने का निर्णय लिया गया था। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर द्वारा भी फरवरी 2026 में इस संबंध में घोषणा की जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक स्कूल में कोई ठोस प्रगति नहीं हो पाई है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि राज्य के अन्य चयनित विद्यालयों में सीबीएसई संबद्धता प्रक्रिया पूरी कर कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं, जबकि जिला बिलासपुर में केवल पंजगाई स्कूल ही पीछे रह गया है। स्थानीय निवासियों ने पूर्व विधायक से मांग की है कि इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि छात्रों का भविष्य सुरक्षित किया जा सके और समय पर सीबीएसई प्रणाली लागू हो सके।

# पैंशनर्ज वेल्फेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर की त्रैमासिक बैठक 10 को घुमारवीं में: जगदीश दिनेश

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर,** पैंशनर्ज वेल्फेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर की त्रैमासिक बैठक जिला प्रधान जगदीश दिनेश की अध्यक्षता में आगामी 10 जून 2026 दिन बुधवार को घुमारवीं में आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में पैंशनर्ज की समसामयिक समस्याओं पर, पिछली तथा इस होने वाली बैठक के अन्तराल में जिला एवं प्रदेश स्तरीय एसोसिएशन की गतिविधियों पर विचार विमर्श तथा सम्भावित जुलाई माह में होने वाली जेसीसी की बैठक में एसोसिएशन की भूमिका तय करने के लिए चर्चा की जाएगी। शेष विषय अध्यक्ष की अनुमति से विचार.विमर्श हेतु प्रस्तुत किये जा सकते हैं। प्रधान जगदीश दिनेश ने जिला बिलासपुर के समस्त खंडों, सभी



शहरी इकाईयों एवं सभी यूनिटों के प्रधान व सचिव, जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी, प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा समस्त सक्रिय सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे इस महत्वपूर्ण बैठक में अपनी उपस्थिति अवश्य सुनिश्चित करें।

# इंडस्ट्रियल एरिया सड़क की जर्जर हालत को लेकर डीसी को दोबारा सौंपा ज्ञापन

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर



**बिलासपुर,** जिला लघु उद्योग संघ के नेतृत्व में औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों ने शुक्रवार को उद्योग विभाग और जिला प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी जताते हुए खस्ताहाल सड़कों की समस्या को लेकर एक बार फिर ज्ञापन सौंपा। उद्योगपतियों ने कहा कि इस संबंध में 26 जनवरी और 25 अप्रैल 2026 को भी प्रदेश के उद्योग मंत्री को ज्ञापन दिया जा चुका हैए लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन में कहा गया है कि औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों की स्थिति दिन.प्रतिदिन और खराब होती जा रही है। सड़कें इतनी जर्जर हो चुकी हैं कि वाहन चलाना जानलेवा जोखिम बन गया है, जबकि पैदल चलना भी बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और आम लोगों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। प्रतिदिन छोटी.बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं और स्थानीय लोग लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से भी इस समस्या को उजागर कर रहे हैं। उद्योगपतियों का कहना है कि जिला लघु उद्योग संघ द्वारा कई बार उद्योग विभाग और जिला प्रशासन को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया गया लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं आया। उन्होंने कहा कि अब हालात ऐसे हो गए हैं कि सड़कों में गड्ढे नहीं हैं, बल्कि गड्ढों में सड़क दिखाई देती है। संघ ने प्रशासन और सरकार से मांग की है कि औद्योगिक क्षेत्र की सभी सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए आगामी 15 दिनों के भीतर निर्णायक कदम उठाए जाएं। उद्योगपतियों ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित अवधि के भीतर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो 1 जुलाई 2026 के बाद उद्योगपति आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी उद्योग विभाग और जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पिछले डेढ़ वर्ष से केवल औपचारिक और मामूली मरम्मत कार्य किए गए हैं, जिससे समस्या और गंभीर हो गई है।

# ग्रामीण संस्कृति को बढ़ावा देने में कुश्तियों की अहम भूमिका : अनमोल शर्मा

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर



**बिलासपुर।** बैरी में तिलक राज शर्मा एनटीपीसी कर्मी द्वारा भव्य कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दराज से पहुंचे पहलवानों ने दमदार प्रदर्शन कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अढ़ाई दसक पहले कोल डैम परियोजना से विस्थापित हुए तिलक राज शर्मा वाहोट गांव के निवासी स्वर्गीय ढुणीय राम के सुपुत्र हैं द्वारा आयोजित इस छिंज में पहले दिन सायंकाल सवाल के साथ लखदाता पीर की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरांत पहलवानों, रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों के लिए कहलूरी धाम का भी आयोजन हुआ। ढोल-नगाड़ों की थाप पर देर शाम तक लोग झूमते नजर आए। प्रतियोगिता के मुकाबलों में छोटी माली में प्रदीप (सोलन) और धीरज (ध्वाल) के बीच कड़ा संघर्ष हुआ, जिसमें धीरज विजेता बने। वहीं बड़ी माली में सिद्धार्थ सुराहड़ और सोनू बागा के बीच रोमांचक मुकाबला रहा और सिद्धार्थ ने जीत दर्ज की। विजेता पहलवानों को आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। छोटी माली के विजेता को 15,000 रुपए व उपविजेता को 13,000 रुपए जबकि बड़ी माली के विजेता को 19,000 रुपए तथा उपविजेता को 17,000 रुपए नकद पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर तिलक राज शर्मा और उनके पुत्र इंजीनियर अनमोल शर्मा ने विजेताओं और उपविजेताओं को गुर्ज स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इसके अलावा सामान्य कुश्तियां भी रोचक रही। मजे की बात तो ये रही कि आयोजन स्थल पर मेले जैसा माहौल देखने को मिला। घर के परिसर के आसपास दुकानों की कतारें सजी रहीं और बड़ी संख्या में लोग उमड़े। लोगों ने जलेबी, पकौड़ों सहित विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया, जिससे पूरा आयोजन एक दिवसीय मेले में तब्दील हो गया और क्षेत्र में ख़ुशी का मौहाल बना रहा।

## 129 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 11 व 12 जून को

सोलन। मैसर्ज़ एम.पी.एस. एण्ड कम्पनी शिमला द्वारा बिजली उपभोक्ता मित्र के 129 पदों पर आउटर्सोस आधार पर भर्ती के लिए 11 व 12 जून, 2026 को कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी ज़िला रोज़गार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश कुमार ने कहा कि उक्त पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 11 जून, 2026 को मॉडल कैरियर सेंटर सोलन नज़दीक डीस्ट्रोफी हॉस्पिटल जटोली (ज़िला रोज़गार कार्यालय) सोलन तथा 12 जून, 2026 को मॉडल कैरियर सेंटर (उप रोज़गार कार्यालय) बद्दी नज़दीक गुरुद्वारा संडोली, ज़िला सोलन में प्रातः 10.30 बजे आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता सम्बन्धी सभी अनिवार्य प्रमाण पत्रों व दस्तावेज़ों सहित उक्त स्थलों पर निर्धारित तिथि व दिनांक को पहुंचकर कैंपस

## पुलिस कांस्टेबल के साथ हाथापाई करने वाला आरोपी 02 दिन के पुलिस रिमांड पर

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** अदालत ने आज पांवटा ब्लॉक के गोंदपुर क्षेत्र में गुरुवार को दिनदिहाड़े बीच सड़क में ड्यूटी पर जा रहे छटी आई आर बटालियन धौलाकुआं के एक जवान के साथ हाथापाई करने वाले आरोपी फरमान को 2 दिन के पुलिस रिमांड में रखने के आदेश दिए हैं। पांवटा में बीते दिन दबोचे इस आरोपी को पुलिस ने आज अदालत में पेश किया था। जिले के एएसपी योगेश रोल्टा ने बताया कि पुलिस डिमांड के दौरान आरोपी से कड़ी पूछताछ करेगी। आरोपी निवासी पांवटा साहिब को कल अदालत में पेश करेगी। ने बताया कि वीडियो में एक कार सवार व्यक्ति द्वारा पुलिस कांटेबल के साथ हाथापाई, गाली गलौच कर रहा था। जब मामले में जांच की तो सबन्धित पुलिसकर्मी 6ह्लद्ध आईआरबी बटालियन धौला कुआं में पोस्टेड पाया गया । उन्होंने बताया कि संबंधित पुलिसकर्मी द्वारा बताया गया कि जब वह गोंदपुर की ओर से आ रहा था तो यहां एक कार सवार मोबाइल फोन सुनते हुए तेज रफ्तार कार दौड़ा रहा था जिसे रोका गया और नियमों के तहत वाहन चलाने को कहा गया ।
लेकिन संबंधित कार सवार ने पुलिसकर्मी के साथ अभद्र व्यवहार और गाली गलौच करना शुरू कर दिया। जिसकी एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गईं थीं।

# संक्षिप्त खबरें

## कसौली में तीसरे ऑल इंडिया लीगल फ्रेटरनिटी सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन




टीम एक्शन इंडिया

**कसौली,** रियल एस्टेट और स्ट्रेटेजिक इन्वेस्टमेंट्स के क्षेत्र में लीडिंग नाम फोर्टेसिया ने हिमाचल प्रदेश के कसौली स्थित सुरम्य पाइनग्रोव स्कूल में आयोजित तीसरे ऑल इंडिया लीगल फ्रेटरनिटी सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट को सफलतापूर्वक प्रायोजित और प्रस्तुत किया।ऑल इंडिया लॉयर्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित इस टूर्नामेंट ने देश के सर्वश्रेष्ठ कानूनी विद्वानों को एक ही क्रिकेट मंच पर एकजुट किया। मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति जी.एस. संधावालिया थे। इस कार्यक्रम में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय,हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय,केरल उच्च न्यायालय और दिल्ली उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीशों के साथ साथ भारत भर के कई प्रतिष्ठित वरिष्ठ अधिवक्ता भी उपस्थित थे।लीगल फ्रेटरनिटी के अंदर सौहार्द और खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए फोर्टेसिया की प्रतिबद्धता स्पष्ट थी क्योंकि कानूनी क्षेत्र के दिग्गजों ने प्रतिभा,टीम वर्क और परंपरा का जश्न मनाते हुए अपने पारंपरिक वस्त्रों को छोड़कर क्रिकेट की सफेद पोशाक पहन ली। फोर्टेशिया रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर शिव गर्ग ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा फोर्टेशिया में हम सिर्फ इमारतें बनाने में विश्वास नहीं रखते हम कम्युनिटी बनाते हैं और जोश का जश्न मनाते हैं। इस वर्ष के लीगल क्रिकेट टूर्नामेंट को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया भारत के लीगल फ्रेटरनिटी के जुनून और एकता को दर्शाती है। हमारे माननीय मुख्य न्यायाधीश, सम्मानित न्यायाधीशों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं को कसौली के पाइनग्रोव स्कूल के क्रिकेट मैदान पर एक साथ देखना हमारे लिए गर्व का क्षण था।

## राजगढ़ में नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

टीम एक्शन इंडिया

**राजगढ़** । विकासखंड राजगढ़ के अंतर्गत विभिन्न वार्डों से निर्वाचित होकर आए 15 नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों को शुक्रवार को ब्लॉक कार्यालय राजगढ़ के सभागार में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने सभी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा उन्हें जनहित और क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया।शपथ ग्रहण करने वालों में वार्ड नंबर-1 कोटी पधोग से सुदर्श कुमार, वार्ड नंबर-2 शाया सनोरा से रंजू बाला, वार्ड नंबर-3 नेहरटी बघोट से सरिता देवी, वार्ड नंबर-4 हाब्बन से नीलम, वार्ड नंबर-5 दाहन से निखिल, वार्ड नंबर-6 बोहल टालिया से विवेक, वार्ड नंबर-7 दिदग से राजेश, वार्ड नंबर-8 भूईरा से सुखी देवी, वार्ड नंबर-9 काथली भरण से सुनील कुमार, वार्ड नंबर-10 टिक्कर से भूपेंद्र, वार्ड नंबर-11 कारगाणु से पुष्पा देवी, वार्ड नंबर-12 शिलांजी से सीमा देवी, वार्ड नंबर-13 राणाघाट से निशा देवी, वार्ड नंबर-14 कडोली दोची से रमा देवी तथा वार्ड नंबर-15 देवठी मझगांव से दिनेश कुमार शामिल रहे।

## नीरज भारती द्वारा सुक्खू सरकार पर लगाए गए आरोप पूर्णतया सटीक एवं तथ्यों पर आधारित: नवीन

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**राजगढ़** । प्रदेश सरकार में सबसे वरिष्ठ मंत्री के पुत्र, पूर्व सीपीएस एवं कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज भारती द्वारा सरकार की कार्यशैली पर उठाए गए सवालों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है।पच्छाद भाजपा मंडल के पूर्व प्रवक्ता नवीन शर्मा ने जारी बयान में कहा कि नीरज भारती द्वारा लगाए जा रहे आरोप इतने गंभीर हैं कि अब विपक्ष या जनता को कुछ कहने की आवश्यकता ही नहीं रह गई। उन्होंने कहा कि नीरज भारती ने स्वयं भाजपा द्वारा पिछले तीन वर्षों से सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार पर प्रदेश को गंभीर संकट में डालने के आरोपों की पुष्टि कर दी है। नवीन शर्मा ने कहा कि नीरज भारती न केवल कांग्रेस के सबसे वरिष्ठ मंत्री के पुत्र हैं, बल्कि पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं, ऐसे में उन्हें संगठन और सरकार के आंतरिक मामलों की पूरी जानकारी है। उन्होंने अब उन मुद्दों को सार्वजनिक कर दिया है, जो लंबे समय से दबे हुए थे। उनका कहना है कि आज सुखु सरकार से केवल नीरज भारती ही नहीं, बल्कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता निराश और हताश है। नवीन शर्मा ने आगे कहा कि पंचायती राज और नगर निगम चुनावों के 'सेमीफाइनल' में कांग्रेस पहले ही हार का सामना कर चुकी है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में कांग्रेस की विदाई केवल पाँच वर्षों के लिए नहीं, बल्कि केंद्र की तर्ज पर लंबे समय के लिए तय हो चुकी है।

# कमाल है कि नाहन पुलिस एसडीएम का आदेश नहीं मानती : कांग्रेस नेत्री कुंजना सिंह

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ



**नाहन।** कांग्रेस नेत्री कुंजना सिंह ने नाहन के ऐतिहासिक चौगान मैदान के इस्तेमाल को लेकर सवाल उठाए हैं उन्होंने आरोप लगाया है कि मैदान के रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे इस मैदान का अस्तित्व खतरे में है। कुंजना सिंह ने कहा कि ऐतिहासिक चौगान मैदान का एक अपना विशेष महत्व है मगर यह मैदान प्रशासन की अनदेखी का शिकार हो रहा है उन्होंने कहा कि पहले मेले में सिर्फ चुनिंदा आयोजन होते थे मगर अब अनेको प्रकार के आयोजन यहां पर किए जा रहे हैं जिससे यह मैदान अपना महत्व खो रहा है और इसकी हालत दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है।उन्होंने ये भी कहा कि बार-बार हो रहे आयोजन से यहां ध्वनि प्रदूषण भी हो रहा है जिससे लोगों को अक्सर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि रात को ध्वनि प्रदूषण पर इन मेलों में प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है जिस का उदाहरण तब मिला जब गत रात्रि दूरभाष पर नाहन के उपमंडल दंडाधिकारी से बात हुई। उन्होंने बताया कि उन से मेला लगाने की स्वीकृति नहीं ली गई है। कांग्रेस नेत्री ने बताया कि जब उन से आग्रह किया गया कि पुलिस को कहकर ध्वनि प्रदूषण बंद कराया जाए तो उन का जवाब था कि पुलिस उनका कहना नहीं मानती जो बहुत ही हैरान करने वाला था

# पीले रंग की थीम पर सजा डीएवी जमथल वहीं 'येलो डे' पर दिखा बच्चों में जोश



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी टाउनशिप जमथल के जूनियर विंग में शुक्रवार को येलो डे का आयोजन बड़े ही रचनात्मक गतिविधियों के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को पीले रंग की पहचान, पौष्टिक फलों के महत्व तथा गतिविधि-आधारित शिक्षण से जोड़ा गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रधानाचार्या एकता अत्री रहीं। उन्होंने बच्चों के बीच उनका उत्साहवर्धन किया और विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया। इस अवसर पर नर्सरी कक्षा के नन्हे विद्यार्थियों ने लेमन प्रिंटिंग गतिविधि में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं एलकेजी के बच्चों ने बनाना पीलिंग गतिविधि और लेमोनेड पार्टी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यूकेजी के विद्यार्थियों ने भी लेमोनेड पार्टी का आनंद उठाते हुए कार्यक्रम में अपनी छाप छोड़ी । पीले रंग की आकर्षक वेशभूषा में सजे बच्चों ने पूरे कार्यक्रम में भाग लिया। रंग-बिरंगे वातावरण और बच्चों की खुशियों ने विद्यालय परिसर को चकाचौंध कर दिया । कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्या एकता अत्री ने बच्चों से बात करते हुए उनसे टेडी बियर कविता भी सुनवाई। बच्चों ने पूरे आनंद के साथ कविता प्रस्तुत की जिसकी उपस्थित शिक्षकों एवं अभिभावकों ने सराहना की। प्रधानाचार्या ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं

## नाहन नगर परिषद के 13 नवनिर्वाचित सदस्यों को आज एसडीएम ने शपथ दिलाई

एसपी जैरथ

**नाहन।** नगर परिषद के 13 नवनिर्वाचित पार्षदों को एसडीएम राजीव संख्यान ने पद एंव गोपनीयता की शपथ दिलाई। नगर परिषद सामुदायिक भवन में नप प्रशासन द्वारा आयोजित समारोह में,नवनिर्वाचित सदस्यों वार्ड नं 1 से कपिल गर्ग, वार्ड नं 2 से नरेन्द्र तोमर, वार्ड नं 3 से उपमा धीमान वार्ड न 4 से पूजा तोमर, वाहन न 5 से सीमा अत्री, वार्ड नं 6 से योगेश गुप्ता, वार्ड नं 7 से राकेश गर्ग,वार्ड नं 8 से संजय चौहान, वार्ड न 9 से कौशल्या देवी. वार्ड नं 10 से वसीम खान, वार्ड नं11 से संध्या अग्रवाल, वार्ड नं 12 से प्रदीप सहोत्रा व वार्ड नं 13 से संजना कौर ने पद एंव गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर एसडीएम ने नवनिर्वाचित पार्षदों को पद संभालने की बधाई देते हुए आवाह्न किया कि शहर के विकास के लिए एकजुट होकर आगे आएं।
नप अध्यक्ष उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर एसडीएम ने कहा कि चुनाव को लेकर बैठक की तारीक की जल्द घोषणा की जायेगी। विधायक के इस चुनाव में वोट डालने के अधिकार को लेकर हाई कोर्ट के फैसले, जिसमें कहा गया कि विधायक को वोट डालने का कोई।अधिकार नहीं है

# परवाणू नगर परिषद के नव-निर्वाचित पार्षदों ने ली शपथ, भाजपा और कांग्रेस का समारोह अलग-अलग आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
विमल ग्रोवर





**परवाणू।** नगर परिषद परवाणू के नव-निर्वाचित पार्षदों को शनिवार को एसडीएम कसौली महेंद्र प्रताप सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कांग्रेस समर्थित पार्षदों के किसी कारणवश निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पाने के चलते भाजपा और कांग्रेस समर्थित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह अलग-अलग आयोजित किया गया। भाजपा समर्थित पार्षदों ने शपथ ग्रहण से पूर्व सेक्टर-1 स्थित झंडे वाले बाबा के स्थान पर एकत्रित होकर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा गुरुद्वारे में माथा टेककर नगर की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद सभी पार्षद अपने समर्थकों के साथ पैदल जुलूस के रूप में नगर परिषद कार्यालय पहुंचे, जहां एसडीएम महेंद्र प्रताप सिंह ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। भाजपा समर्थित पार्षदों में वार्ड नंबर-1 से नंदिनी सूद, वार्ड नंबर-2 से रजनी सिंगला, वार्ड नंबर-4 से रामध्यान सिंह, वार्ड नंबर-6 से ठाकुर दास शर्मा तथा वार्ड नंबर-7 से सीमा शर्मा शामिल रहे। इस अवसर पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव सैजल और भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ. डेजी ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने नवनिर्वाचित पार्षदों को बधाई देते हुए जनसेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। इसके उपरांत कांग्रेस समर्थित पार्षद भी अपने समर्थकों के साथ नगर परिषद कार्यालय पहुंचे। नगर परिषद के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समारोह में एसडीएम महेंद्र प्रताप सिंह ने वार्ड नंबर-3 से मोहन लाल आजाद, वार्ड नंबर-5 से सुषमा गुप्ता, वार्ड नंबर-8 से मोनिशा शर्मा तथा वार्ड नंबर-9 से निशा शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कांग्रेस समर्थित पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी भी मौजूद रहे। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया और नगर के विकास तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का संदेश दिया।
शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही नगर परिषद परवाणू का नया कार्यकाल औपचारिक रूप से शुरू हो गया है। अब नगर परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां और तेज होने की संभावना है।

## 310 रोगियों की नेत्र चिकित्सा जांच

टीम एक्शन इंडिया

**मंडी।** हिमाचल मण्डी जनकल्याण सभा दिल्ली द्वारा आयोजित 49वाँ निःशुल्क नेत्र जाँच एवं चिकित्सा शिविर प्राइमरी हैल्थ सैन्टर सुधार तहसील पधर जिला मण्डी में आयोजित किया गया । सभा के अध्यक्ष के.आर. वर्मा ने बताया कि इस शिविर में आँखों के 310 रोगी जाँच हेतु पंजीकृत हुए, जिनकी पालमपुर रोटरी आई फाउण्डेशन, मारण्डा के अनुभवी डॉक्टरों एवं पैरा-मेडिकल टीम द्वारा गहन जाँच की गई। जाँच के पश्चात् डॉक्टर द्वारा निर्धारित : च्तमेबतपइमकद्ध सभी दवाईयाँ रोगियों को निःशुल्क दी गईं। डॉक्टर द्वारा जिन गम्भीर नेत्र रोग व मोतियाबिन्द से प्रभावित 52 रोगियों को ऑप्रेशन करवाने की सलाह दी गई, उनके ऑप्रेशन कल रविवार, दिनांक 07 जून 2026 को मेला मल सूद रोटरी आई अस्पताल, मारण्डा, जिला काँगड़ा में निःशुल्क किए जायेंग। सभी रोगियों को सुधार से मारण्डा बस द्वारा निःशुल्क ले जाया जायेगा और अगले दिन सोमवार, दिनांक 08 जून 2026 को सभी रोगियों की गहन जाँच के पश्चात् छुट्टी होने पर बस द्वारा वापस सुधार छोड़ा जाएगा। इन रोगियों को 15 दिन के बाद दोबारा शिविर स्थल, सुधार बुलाया जायेगा, जहाँ पर डॉक्टर रोगियों की पुनः जाँच करेंगे। शिविर के सफल आयोजन के लिए दिल्ली से सभा के 15 कार्यकर्ता सुधार आये थे, जिन्होंने मरीजों की जाँच व उपचार आदि में मैडिकल टीम की सहायता की तथा वे मोतियाबिन्द से ग्रसित रोगियों को सुधार से बस द्वारा रोटरी अस्पताल, मारण्डा लेकर जायेंगे, जहाँ पर रोगियों की देखभाल एवं उनके भोजन एवं दवाई इत्यादि का पूर्ण ख्याल रखेंगे एवं वापसी में बस द्वारा सकुशल सुधार लेकर आयेंगे

# द्राबिल में विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ



**नाहन** । महिला एवं बाल विकास विभाग, द्वारा विकास खंड शिलाई के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला द्राबिल में शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस तथा मिशन शक्ति योजना पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला द्राबिल के प्रधानाचार्य ललीत कुमार ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियों तथा अध्यापकों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई तथा पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरित रखने का संदेश दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आए बाल विकास परियोजना अधिकारी गीता सिंगटा, मिशन शक्ति से जिला समन्वयक कृतिका ठाकुर, पर्यवेक्षक निर्मला देवी व जगमोहन तथा लिंग विशेषज्ञ सोनम परमार ने मिशन शक्ति योजना पर जानकारी देते हुए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, मासिक धर्म स्वच्छता, दहेज निषेध, वन स्टॉप सेंटर, आंगनबाड़ी सह क्रेच, तथा कामकाजी महिला हॉस्टल' योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं, किशोरियों और विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उन्होंने 'मिशन् शक्ति योजना के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि घरेलू हिंसा, दहेज, छेड़छाड़ आदि से प्रभावित महिलाएं 24ङ्घ7 टोल फ्री नंबर 181 पर कॉल कर तुरंत सहायता ले सकती हैं। तथा आपात स्थिति में 112 डायल किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त कामकाजी माताओं के लिए 6 माह से 6 साल तक के बच्चों की देखभाल, भोजन और प्रारंभिक शिक्षा की सुविधा आंगनबाड़ी सह क्रेच में उपलब्ध है। जागरूकता शिविर में बताया गया कि बेटा-बेटी में भेदभाव न करें, गर्भ में लिंग जांच और कन्या भ्रूण हत्या पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत एक दंडनीय अपराध है। उन्होंने बेटियों को शिक्षा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान मासिक धर्म स्वच्छता' माहवारी कोई बीमारी नहीं, यह प्रकृति का नियम है तथा इस दौरान स्वच्छ सैनिटरी नैपकिन का उपयोग करने तथा पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया गया।
वन स्टॉप सेंटर 'सखी' के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हिंसा की शिकार महिलाओं को जिला अस्पताल नाहन स्थित वन स्टॉप सेंटर पर एक ही छत के नीचे पुलिस, मेडिकल, कानूनी सहायता, काउंसलिंग और 5 दिन तक अस्थायी आश्रय की सुविधा 24-7 निःशुल्क दी जाती है।

## संपादकीय

# ग्रेट निकोबार पर राजनीति बनाम राष्ट्रनीति

**भारत** आज ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां आर्थिक शक्ति, समुद्री सुरक्षा और ऊर्जा आत्मनिर्भरता भविष्य की वैश्विक प्रतिस्पर्धा के प्रमुख आधार बन चुके हैं। ऐसे समय में ग्रेट निकोबार परियोजना भारत के हित में महत्वपूर्ण हिस्सा बनकर उभरी है। बावजूद इसके, कांग्रेस नेतृत्व इस परियोजना का लगातार विरोध कर रहा है, जिससे विकास और राजनीति के बीच एक नई बहस खड़ी हो गई है। करीब 90 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली ग्रेट निकोबार परियोजना में अंतरराष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, आधुनिक टाउनशिप और ऊर्जा अवसंरचना का निर्माण प्रस्तावित है, जिसमें कि इसकी सबसे बड़ी विशेषता इसका भू-राजनीतिक महत्व है। इस योजना की आलोचना करनेवालों को यह भी ध्यान रखना चाहए कि ग्रेट निकोबार द्वीप मलक्का जलडमरूमध्य के बेहद निकट स्थित है, जहां से विश्व व्यापार का बड़ा हिस्सा गुजरता है। वर्तमान में भारत को अपने अधिकांश कंटेनर ट्रांसशिपमेंट के लिए सिंगापुर, कोलंबो और अन्य विदेशी बंदरगाहों पर निर्भर रहना पड़ता है। यह परियोजना भारत को इस निर्भरता से बाहर निकालने और हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत करने का अवसर प्रदान कर सकती है।

**कांग्रेस का विरोध और उठते सवाल**

राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और जयराम रमेश लगातार यह आरोप लगा रहे हैं कि परियोजना पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएगी और कुछ बड़े कारोबारी हितों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बनाई गई है। राहुल गांधी ने इसे ग्रीन बनाम ग्रीड की लड़ाई के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की है, किंतु इन आरोपों के बीच यह प्रश्न भी उठता है कि यदि परियोजना का उद्देश्य सिर्फ निजी लाभ होता, तो इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा, समुद्री व्यापार, बंदरगाह विकास, हवाई संपर्क और ऊर्जा अवसंरचना जैसे व्यापक आयाम क्यों शामिल किए जाते? यह सच है कि आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा है, पर क्या इस का अर्थ यह माना जाए कि आलोचना तथ्यों के आधार पर न होकर सिर्फ कल्पना या जो मन में आ गया अथवा सत्ता पक्ष पर आरोप ही लगाना है, इसलिए कुछ भी बोल दिया जाएगा? आरोप लगा दो, बाद में सामने वाला अपनी सफाई देता रहे! वह भी आरोप सिर्फ राजनीतिक धारणा पर केंद्रित होकर लगा दिए जाएं, यह कहां तक सही है? कांग्रेस का कहना है कि परियोजना से बड़े पैमाने पर वन क्षेत्र प्रभावित होगा और जैव विविधता को नुकसान पहुंचेगा। यह चिंता निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है। किसी भी विकास परियोजना में पर्यावरणीय प्रभावों का गंभीर मूल्यांकन आवश्यक होता है। यहां कांग्रेस स्वयं यह भूल रही है या देखना ही नहीं चाहती कि इस परियोजना से जुड़ा तथ्य यह है कि इसे भी विस्तृत पर्यावरण प्रभाव आकलन (एक्अ) प्रक्रिया से गुजरना पड़ा है।

# सोशल मीडियाः व्यूज बटोरने को रोज रचे जा रहे ड्रामे

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

> “केवल अनुमान के आधार पर किसी व्यक्ति या समूह को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। लेकिन जब बार-बार एक जैसे पैटर्न दिखाई दें, जब हर विवाद वायरल होने की क्षमता से भरपूर हो, जब हर झगड़ा कैमरे के सामने ही घटित हो और जब संबंधित लोग बाद में उस विवाद से आर्थिक या सामाजिक लाभ प्राप्त करते दिखाई दें, तब प्रश्न उठना स्वाभाविक है। लोकतांत्रिक समाज में प्रश्न पूछना और तथ्यों की पड़ताल करना दर्शकों का अधिकार भी है और जिम्मेदारी भी। यहीं मीडिया साक्षरता का महत्व सामने आता है। आज केवल साक्षर होना पर्याप्त नहीं है”

डिजिटल क्रांति ने संचार और अभिव्यक्ति की दुनिया को पूरी तरह बदल दिया है। आज एक स्मार्टफोन और इंटरनेट कनेक्शन के सहारे कोई भी व्यक्ति अपने विचार, प्रतिभा और अनुभव दुनिया के सामने रख सकता है। यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया मंचों ने लाखों लोगों को पहचान, रोजगार और लोकप्रियता प्रदान की है। यह एक सकारात्मक परिवर्तन है जिसने पारंपरिक मीडिया के एकाधिकार को तोड़ा और आम नागरिक को भी अभिव्यक्ति का अवसर दिया। लेकिन इस परिवर्तन के साथ कुछ ऐसी प्रवृत्तियाँ भी विकसित हुई हैं जो चिंता का विषय बनती जा रही हैं। इनमें सबसे प्रमुख है–व्यूज, लाइक्स और फॉलोअर्स की अंधी दौड़। आज सोशल मीडिया पर सफलता का पैमाना अक्सर सामग्री की गुणवत्ता नहीं, बल्कि उसकी लोकप्रियता बन गया है। किसी वीडियो को कितने लोगों ने देखा, उस पर कितनी टिप्पणियाँ आईं और उसे कितनी बार साझा किया गया, यही उसकी सफलता का आधार माना जाता है। इस वातावरण में कुछ कंटेंट निमार्ता दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने के लिए ऐसे तरीकों का सहारा लेने लगे हैं जो वास्तविकता से अधिक नाटक और सनसनी पर आधारित होते हैं। पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर ऐसे अनेक वीडियो वायरल हुए हैं जिनमें कथित झगड़े, पारिवारिक विवाद, मित्रों के बीच टकराव, रिश्तों में दरार, सार्वजनिक बहस या भावनात्मक घटनाएँ दिखाई जाती हैं। कई बार ये घटनाएँ इतनी नाटकीय प्रतीत होती हैं कि दर्शकों के मन में स्वाभाविक रूप से संदेह पैदा होता है। ऐसा लगता है कि जैसे पूरा घटनाक्रम पहले से तय हो, संवाद लिखे गए हों और कैमरे केवल उस पटकथा को रिकॉर्ड करने के लिए लगाए गए हों। अक्सर देखा जाता है कि कथित विवाद ठीक कैमरे या सीसीटीवी की मौजूदगी में घटित होता है। पात्र बार-बार कैमरे की ओर देखते हैं, घटनाएँ एकदम फिल्मी अंदाज में आगे बढ़ती हैं और अंत में वीडियो वायरल हो जाता है। दर्शक सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि क्या यह वास्तव में अचानक हुई घटना थी या फिर लोकप्रियता हासिल करने के



लिए रचा गया एक सुनियोजित नाटक? सोशल मीडिया की आर्थिक संरचना इस प्रवृत्ति को समझने में मदद करती है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ध्यान ही सबसे बड़ी पूँजी है। जितने अधिक लोग किसी सामग्री को देखेंगे, उतनी अधिक उसकी पहुँच होगी और उतना ही अधिक आर्थिक लाभ उससे जुड़ सकता है। विज्ञापन, ब्रांड सहयोग, प्रायोजन और अन्य व्यावसायिक अवसर लोकप्रियता के साथ बढ़ते हैं। ऐसे में कुछ लोग यह मान बैठते हैं कि यदि विवाद से व्यूज बढ़ते हैं तो विवाद पैदा करना ही सबसे आसान रणनीति है। यही कारण है कि कई बार वास्तविक रचनात्मकता पीछे छूट जाती है और उसकी जगह कृत्रिम ड्रामा ले लेता है। ज्ञानवर्धक सामग्री तैयार करने, शोध करने या उपयोगी जानकारी प्रस्तुत करने में समय और मेहनत लगती है। इसके विपरीत, एक विवादास्पद वीडियो या सनसनीखेज घटना कुछ ही घंटों में लाखों लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकती है। परिणामस्वरूप कुछ कंटेंट निमार्ता आसान रास्ता चुन लेते हैं। इस प्रवृत्ति का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ता है। किशोर और युवा सोशल मीडिया के सबसे सक्रिय उपभोक्ता हैं। जब वे देखते हैं कि विवाद, झगड़े और सनसनी तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं, तो उनके मन में यह धारणा बन सकती है कि सफलता का मार्ग प्रतिभा, मेहनत और ज्ञान नहीं, बल्कि ध्यान आकर्षित करने वाली गतिविधियाँ हैं। यह सोच समाज के लिए दीर्घकालिक रूप से नुकसानदेह साबित हो सकती है। सोशल मीडिया पर बढ़ता यह नाटकीयकरण केवल मनोरंजन का प्रश्न नहीं है, बल्कि सामाजिक मूल्यों से भी जुड़ा हुआ है। जब कृत्रिम विवाद चर्चा का केंद्र बन जाते हैं, तब शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, रोजगार, विज्ञान और सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण विषय हाशिए पर चले जाते हैं। समाज का सामूहिक ध्यान उन मुद्दों से हटकर उन घटनाओं पर केंद्रित हो जाता है जिनका वास्तविक जीवन से बहुत कम संबंध होता है। हालाँकि यह भी सच है कि हर वायरल वीडियो या सार्वजनिक विवाद को बिना प्रमाण स्क्रिप्टेड नहीं कहा जा सकता। वास्तविक जीवन में भी मतभेद होते हैं, रिश्तों में तनाव आता है और सार्वजनिक घटनाएँ घटित होती हैं। कैमरों की बढ़ती उपलब्धता के कारण अनेक वास्तविक घटनाएँ रिकॉर्ड भी हो जाती हैं। इसलिए किसी भी वीडियो के बारे में निष्कर्ष निकालते समय संतुलित दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है।

केवल अनुमान के आधार पर किसी व्यक्ति या समूह को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। लेकिन जब बार-बार एक जैसे पैटर्न दिखाई दें, जब हर विवाद वायरल होने की क्षमता से भरपूर हो, जब हर झगड़ा कैमरे के सामने ही घटित हो और जब संबंधित लोग बाद में उस विवाद से आर्थिक या सामाजिक लाभ प्राप्त करते दिखाई दें, तब प्रश्न उठना स्वाभाविक है। लोकतांत्रिक समाज में प्रश्न पूछना और तथ्यों की पड़ताल करना दर्शकों का अधिकार भी है और जिम्मेदारी भी। यहीं मीडिया साक्षरता का महत्व सामने आता है। आज केवल साक्षर होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि डिजिटल साक्षर होना भी आवश्यक है। लोगों को यह समझना चाहिए कि सोशल मीडिया की सामग्री कैसे तैयार होती है, एल्गोरिद्म किस प्रकार काम करते हैं और कौन-से तत्व किसी सामग्री को वायरल बनाते हैं। यदि दर्शक इन प्रक्रियाओं को समझेंगे, तो वे सनसनी और वास्तविकता के बीच अंतर करने में अधिक सक्षम होंगे। यूट्यूब और अन्य प्लेटफॉर्म्स की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यदि उनके एल्गोरिद्म केवल उन सामग्रियों को बढ़ावा देंगे जो अधिक विवादास्पद और उत्तेजक हैं, तो कंटेंट निमार्ता भी उसी दिशा में बढ़ेंगे। प्लेटफॉर्म्स को ऐसी नीतियाँ विकसित करनी चाहिए जो ज्ञान, रचनात्मकता, सामाजिक उपयोगिता और सकारात्मक संवाद को प्रोत्साहित करें। स्वस्थ डिजिटल संस्कृति तभी विकसित हो सकती है जब गुणवत्ता को लोकप्रियता के बराबर महत्व मिले। दर्शकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। अंततः वही तय करते हैं कि कौन-सी सामग्री सफल होगी। हर व्यू, हर लाइक और हर शेयर एक प्रकार का समर्थन है। यदि लोग केवल विवादों और ड्रामों को देखेंगे, तो ऐसे कंटेंट की संख्या स्वाभाविक रूप से बढ़ेगी। लेकिन यदि वे शोधपूर्ण, रचनात्मक और उपयोगी सामग्री को प्राथमिकता देंगे, तो डिजिटल दुनिया का स्वरूप भी बदल सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम सोशल मीडिया को केवल मनोरंजन का साधन न मानें, बल्कि एक सामाजिक शक्ति के रूप में देखें। यह शक्ति सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है, लोगों को शिक्षित कर सकती है और समाज में सार्थक संवाद को बढ़ावा दे सकती है। लेकिन यदि इसका उपयोग केवल सनसनी और लोकप्रियता की दौड़ तक सीमित रह गया, तो यह अविश्वास, भ्रम और सतहीपन को बढ़ावा देगा। कंटेंट निमार्ताओं को भी यह समझना होगा कि दर्शकों का विश्वास उनकी सबसे बड़ी पूँजी है। अल्पकालिक लोकप्रियता के लिए कृत्रिम विवादों का सहारा लेना आसान हो सकता है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# शतरंज के नए विश्व नायक बने भारत के प्रज्ञानंद

**महेन्द्र तिवारी**

**वैश्विक** शतरंज के इतिहास में 6 जून 2026 का यह दिन सुनहरे अक्षरों में अंकित हो चुका है। भारत के युवा और असाधारण रूप से प्रतिभाशाली खिलाड़ी रमेशबाबू प्रज्ञानंद ने दुनिया की सबसे कठिन और प्रतिष्ठित शतरंज प्रतियोगिताओं में से एक नार्वे शतरंज 2026 का खिताब जीतकर पूरे खेल जगत को अचंभित कर दिया है। इस महान सफलता ने न केवल प्रज्ञानंद को वैश्विक पटल पर एक सर्वोच्च खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है, बल्कि भारतीय खेल इतिहास में भी एक नया और अभूतपूर्व अध्याय जोड़ दिया है। इस वैश्विक प्रतियोगिता का समापन बेहद रोमांचक और अत्यधिक तनावपूर्ण परिस्थितियों में हुआ, जहां प्रज्ञानंद ने अपनी मानसिक दृढ़ता, धैर्य और अद्भुत रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए इतिहास रच दिया। प्रतियोगिता के 10वें और अंतिम दौर में उनका सामना जर्मनी के अत्यंत सुदृढ़ खिलाड़ी विंसेंट कीमर से था। यह मुकाबला दोनों ही खिलाड़ियों के लिए जीवन का सबसे महत्वपूर्ण मोड़ साबित होने वाला था, क्योंकि इस अंतिम बाजी के परिणाम पर ही पूरे वर्ष की कठोर मेहनत और इस प्रतिष्ठित पुरस्कार का भाग्य पूरी तरह निर्भर कर रहा था। दबाव की इस अभूतपूर्व स्थिति में भी प्रज्ञानंद ने अपने मस्तिष्क को शांत रखा, अत्यंत सधी हुई चालें चलीं और विरोधी खिलाड़ी की रणनीतिक कमजोरियों का सटीक आकलन करते हुए उन्हें परास्त कर दिया। उनकी इस शानदार जीत ने पूरी दुनिया के सामने यह सिद्ध कर दिया है कि भारतीय युवा खिलाड़ी अब वैश्विक मंच पर किसी भी चुनौती का सामना करने और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विचारकों को मात देने के लिए पूरी तरह सक्षम हैं। नार्वे में आयोजित होने वाली यह वार्षिक शतरंज प्रतियोगिता अपनी अत्यधिक जटिल संरचना और दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए विख्यात है। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत कुल 10 चक्र खेले गए, जिसमें प्रत्येक स्तर पर खिलाड़ियों की बुद्धिमत्ता, तत्परता और मानसिक सहनशक्ति की कड़ी परीक्षा हुई। प्रज्ञानंद ने इस पूरी यात्रा के दौरान अत्यंत संतुलित और परिपक्व खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने न केवल पारंपरिक बाजियों में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की, बल्कि समय की भारी कमी वाली परिस्थितियों में भी अपने नियंत्रण को खोने नहीं दिया। जब यह प्रतियोगिता अपने अंतिम चरणों में पहुंच रही थी, तब अंक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त करने के लिए विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के बीच मुकाबला बेहद कड़ा और अनिश्चित हो गया था। ऐसी स्थिति में अंतिम दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर के खिलाफ प्रज्ञानंद की इस निर्णायक जीत ने उन्हें प्रतियोगिता की अंतिम तालिका में सबसे उच्च स्थान पर पहुंचा दिया और उन्हें इस वर्ष का निर्विवाद विजेता बना दिया। यह विजय इसलिए भी अत्यंत विशेष मानी जा रही है क्योंकि इस प्रतियोगिता में विश्व के कई पूर्व और वर्तमान सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे थे, जो वर्षों से इस बौद्धिक खेल पर अपना आधिपत्य जमाए हुए हैं।

## विचार

# सत्रह साल का लड़का और जवाब तलाशता लोकतंत्र

**डॉ. रामानुज पाठक**

**लोकतंत्र की** सबसे बड़ी शक्ति संसद, सरकार या न्यायालय नहीं होते; उसकी सबसे बड़ी शक्ति वे नागरिक होते हैं जो व्यवस्था से प्रश्न पूछने का साहस रखते हैं। प्रश्न लोकतंत्र की धड़कन हैं। जब प्रश्न कमजोर पड़ने लगते हैं, तब लोकतंत्र का शरीर भले जीवित दिखाई दे, उसकी आत्मा क्षीण होने लगती है। दुर्भाग्य से आज हम ऐसे ही समय से गुजर रहे हैं, जहाँ प्रश्नों की जगह शोर और तथ्यों की जगह धारणाएँ अधिक दिखाई देती हैं।

ऐसे दौर में यदि कोई सत्रह वर्षीय छात्र व्यवस्था की परतें खोलने का साहस करता है, तो वह केवल एक विद्यार्थी नहीं रह जाता, बल्कि पूरे समाज के लिए एक संदेश बन जाता है। हाल के दिनों में छात्र सार्थक सिद्धांत ने यही किया। उन्होंने सीबीएसई की कार्यप्रणाली, ऑन-स्क्रीन मार्किंग व्यवस्था तथा उससे जुड़े निर्णयों को लेकर गंभीर प्रश्न उठाए। दस्तावेजों का अध्ययन किया, तथ्यों को संकलित किया, प्रक्रियाओं का विश्लेषण किया और उन्हें सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा बनाया। उनकी प्रस्तुति ने शिक्षा जगत में ऐसी हलचल मचाई कि जिस व्यवस्था को प्रश्नों का उत्तर देना चाहिए था, वह स्वयं प्रश्नों के घेरे में आ गई।

कभी यही कार्य खोजी पत्रकार किया करते थे। वे महीनों तक दस्तावेज खंगालते थे, सूचनाएँ जुटाते थे और फिर जनता के सामने सच प्रस्तुत करते थे। कई ऐतिहासिक मामलों में आज भी अदालतों में पत्रकारों के बयान दर्ज होते हैं क्योंकि उन्होंने अपने समय में सत्ता से प्रश्न पूछने का साहस दिखाया था। किंतु आज स्थिति इतनी बदल गई है कि अनेक बार पत्रकारिता का एक बड़ा हिस्सा प्रश्न पूछने के बजाय सत्ता और विपक्ष के बीच शोर पैदा करने में अधिक व्यस्त दिखाई देता है। परिणामस्वरूप जो कार्य पत्रकारिता का मूल दायित्व था, वही कार्य अब विद्यार्थियों को करना पड़ रहा है।

सार्थक सिद्धांत की प्रस्तुति का प्रभाव इतना व्यापक हुआ कि संसदीय समिति में उनके द्वारा उठाए गए प्रश्न राष्ट्रीय चर्चा का विषय बन गए। इसके बाद सीबीएसई की कार्यप्रणाली को लेकर व्यापक बहस हुई और अंततः संगठन के शीर्ष स्तर पर परिवर्तन देखने को मिले। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि एक विद्यार्थी द्वारा प्रस्तुत तथ्यों ने उस व्यवस्था को असहज कर दिया जो स्वयं को जवाबदेह मानने की आदी नहीं रह गई थी। महत्वपूर्ण बात यह नहीं कि किस अधिकारी का स्थानांतरण हुआ या किस पद पर कौन आया; महत्वपूर्ण यह है कि एक छात्र ने यह साबित कर दिया कि तथ्यों के सामने पद और प्रतिष्ठा भी जवाबदेही से मुक्त नहीं हो सकते। यह घटना किसी एक संस्था तक सीमित नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में देश की अनेक प्रमुख परीक्षाएँ विवादों में रही हैं। नीट परीक्षा में पेपर लीक, परीक्षा केंद्रों की अनियमितताओं और परिणामों को लेकर उठे विवादों ने लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों को चिंतित किया। सीयूईटी परीक्षा में तकनीकी समस्याएँ, परीक्षा स्थगन, केंद्रों की अव्यवस्था और परिणाम संबंधी चुनौतियाँ चर्चा का विषय बनीं। विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में भी बार-बार प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा प्रबंधन की खामियाँ सामने आती रही हैं। यह स्थिति केवल प्रशासनिक समस्या नहीं है; यह युवाओं के विश्वास का संकट है। जब लाखों विद्यार्थी वर्षों की मेहनत के बाद परीक्षा कक्ष में बैठते हैं, तब वे केवल एक प्रश्नपत्र नहीं हल कर रहे होते, बल्कि अपने भविष्य का निर्माण कर रहे होते हैं। ऐसे में यदि परीक्षाओं की निष्पक्षता पर प्रश्न उठते हैं, तो सबसे बड़ा आघात प्रतिभा और परिश्रम को पहुँचता है। दुर्भाग्य यह है कि इन मुद्दों पर गंभीर विमर्श के स्थान पर अक्सर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो जाते हैं और मूल प्रश्न पीछे छूट जाते हैं।

इस पूरे प्रकरण का सबसे चिंताजनक पहलू वह मानसिकता है जो प्रश्न पूछने वालों को संदेह की दृष्टि से देखती है। यदि कोई विद्यार्थी किसी संस्था की कार्यप्रणाली पर प्रश्न उठाता है, तो उसके तर्कों का उत्तर देने के बजाय उसके इरादों पर प्रश्न उठाए जाते हैं। उसे किसी विचारधारा, किसी दल या किसी षड्यंत्र से जोड़ने की कोशिश की जाती है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए अत्यंत खतरनाक है। लोकतंत्र में किसी भी संस्था पर प्रश्न उठाना अपराध नहीं, बल्कि नागरिक अधिकार है।

दरअसल, हमारे समय का सबसे बड़ा संकट संस्थाओं का नहीं, बल्कि विमर्श का संकट है। प्रश्नों का उत्तर तथ्यों से देने के बजाय उन्हें दबाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश–174303 से प्रकाशित एवं अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर–29डी, चंडीगढ़ से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : पंकज शर्मा ( 9418026789)
ई–मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला– 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश–174303

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

# जेसीबी से खनन, सड़क निर्माण से बदल रहा गांव का भूगोल

**नरेंद्र तिवारी**

**पहाड़** पर्यावरण के रक्षक एवं गांव कि शान होते हैं। गाँव के रहवासी इन पहाडो से भलीभांती परिचित होते हैं । इन्ही पहाड़ो से ग्रामीणजन अपनी आजीविका का साधन जुटाते हैं। गाँव के इन्ही पहाडो पर सड़क निर्माण के बहाने जेसीबी चलाकर मुरूम, बंड़े, पत्थर आदि निकाले जा रहे हैं। पहाड़ो पर चल रही जेसीबी पर्यावरण को तो नुकसान पहुंचा रही हैं। सरकारी खजाने पर भी डाका डाल रही हैं। इन सब पर लोक निर्माण विभाग, राजस्व और खनिज विभाग ने आश्चर्यजनक मौन धारण कर लिया हैं। गांव के पहाड़ो पर चल रही जेसीबी गाँव के भूगोल को बदल रही हैं। बरसात में पहाड़ो के कटने का परिणाम ग्रामीण कृषको को भारी कीमत देकर भुगतना पड़ेगा, जब तेज बरसात में पानी खेतो में प्रवेश करेगा। किसान कि पूरी मेहनत मिट्टी में मिल जाएगी, किंतु यह चिंता न लोक निर्माण विभाग को हैं, न ही सड़क निर्माण ठेकेदार को और न ही राजस्व एवं खनिज विभाग को, जिनकी खामोशी गाँव के भूगोल को बिगाड़ रही हैं, पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही हैं और गाँव के किसानों के लिए परेशानी को आमंत्रित कर रही हैं।

सेंधवा अनुभाग में पहाड़ो पर निरंतर जेसीबी चल रही हैं। यहाँ ग्राम बाबदड़ से हिंदली, मोहाला, रेलावती मार्ग का निर्माण जारी हैं, करीब 12 किमी के इस निर्माण में ठेकेदार द्वारा अनेको जगह पहाडो पर जेसीबी चलाई जा रही है। पहाडो से करोडो रु कि मुरूम, पत्थर, मिट्टी आदि का खनन किया जा रहा हैं। लोक निर्माण विभाग के सेंधवा एसडीओ से इस संबंध में जानकारी चाही गयी किंतु उनके द्वारा कोई जानकारी नहीं दी जाकर टालने का निरंतर प्रयास किया जा रहा हैं। इस सड़क निर्माण के ठेकेदार ओंकार यादव हैं, जिनका सब ठेकेदार बड़वानी निवासी धन्यजय सिँह हैं।

बड़वानी जिले के खनिज अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के स्थानीय एसडीओ एवं राजस्व विभाग को भी इसकी सूचना वाट्सएप के माध्यम से दी गयी किंतु सभी का मौन अनेको प्रश्न खडे कर रहा हैं।

सड़क निर्माण में समतलीकरण और गड्ढे भराई में इस सड़क निर्माण ठेकेदार ने शाहपुरा फाटे से मोहाला मार्ग पर गाँव गोंदी जो ग्राम पंचायत नांदिया का एक फलिया हैं।

# ग्रूमिंग गैंग का घिनौना सच

**स्नेहा सिंह**

**ब्रिटेन** की संसद में हाल ही में जब सांसद रूपर्ट लोवे ने पीड़ित लड़कियों की आपबीती पढ़ना शुरू किया, तो वहां मौजूद हर शख्स सन्न रह गया। रोती आंखों और कांपती आवाजों के साथ बयां की गई वे दास्तानें महज अपराध की कहानियां नहीं थीं, बल्कि मानवता के शर्मसार होने का दस्तावेज थीं। एक 13 साल की मासूम बच्ची, जिस पर महज तीन साल के भीतर 600 से 700 बार दरिंदगी की गई थी। कुछ मामलों में तो पीड़िताओं के साथ हुई बर्बरता ऐसी है, जिसे पन्नों पर उतारना भी मुमकिन नहीं है। यह किसी एक शहर या एक गिरोह की बात नहीं है, यह ब्रिटेन में दशकों से फल-फूल रहे ग्रूमिंग गैंग्स का वह कड़वा और रोंगटे खड़े कर देने वाला सच है, जिसने आज पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया है।

**क्या है ग्रूमिंग का यह खूनी खेल?**

विडंबना देखिए कि अंग्रेजी के ग्रूमिंग शब्द का सीधा अर्थ होता है, किसी के व्यक्तित्व को निखारना या उसे संवारना। लेकिन अपराधियों के इस गिरोह ने इस शब्द को सबसे घिनौनी परिभाषा दे दी है। इस गैंग की मोड्स ऑपरेंडी यानी काम करने का तरीका बेहद शातिराना और सोची-समझी साजिश का हिस्सा है।

इनका निशाना बनती हैं समाज की सबसे कमजोर, अकेली, अनाथालयों में रहने वाली या पारिवारिक बिखराव के कारण प्यार और सुरक्षा तलाशती 11 से 15 साल की नाबालिग श्वेत लड़कियां। ये अपराधी कोई जल्दबाजी नहीं दिखाते। वे पहले लड़कियों की मदद करने का ढोंग करते हैं, उन्हें बर्गर खिलाते हैं, छोटे-मोटे गिफ्ट देते हैं, सिगरेट और मीठी बातों के जाल में फंसाकर उनका भरोसा जीतते हैं। एक बार जब मासूम बच्ची उन्हें अपना सच्चा हितैषी मान बैठती है, तो शुरू होता है प्रेम का नाटक और शादी के झूठे वादे। शारीरिक संबंध बनाने के बाद इन बच्चियों को ब्लैकमेल किया जाता है, उन्हें ड्रग्स की लत लगाई जाती है और अंततः वेश्यावृत्ति के दलदल में धकेल दिया जाता है। यहां तक कि बात न मानने पर उन्हें कुत्तों के पिंजरों में बंद रखकर प्रताड़ित किया जाता है।

# योगी ने गोंडा जिले में 516 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोंडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के गोंडा जनपद में 516 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी सरकार चुनने का नतीजा है कि आज गोंडा का विकास हो रहा है। गोंडा अपनी खोई हुई पहचान को वापस पा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में जिले के धार्मिक स्थलों को नमन करते हुए कहा कि गोंडा जिला अत्यंत ऊजार्वान है। यहां की बहन बेटियां प्रतिभाशाली हैं। जिले का अपना पौराणिक इतिहास है। स्वाधीनता आंदोलन में इस जिले ने अग्रणी भूमिका अदा की। लेकिन आजादी के बाद जो विकास होना चाहिए था, नहीं हुआ। तुष्टीकरण, भाई भतीजा वाद की भेंट चढ़ गया। एक नियोजित प्रयास के अभाव में जनपद पिछड़ता गया। एक समय ऐसा आ गया था जब प्रदेश के अन्य जिलों के साथ गोंडा के युवाओं के साथ पहचान का संकट हो गया था। आज मै कह सकता हूं कि पिछले 12 सालों से मोदी के नेतृत्व में और नौ वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने काम किया है। आज देश दुनिया में कहीं जाएंगे तो यूपी का नाम आते ही नौ कदम पीछे जाने वाला आगे आकर स्वागत करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पास में अयोध्या धाम है। गोंडा के युवाओं के साथ दोस्ती करोगे तो भगवान की कृपा मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि आज गोंडा के युवा सरकारी नौकरी हासिल कर रहे हैं गोंडा, बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती का युवा भी सरकारी नौकरी प्राप्त कर रहा है। आज चेहरा, जाति, वर्ग और क्षेत्र नहीं देखा जा रहा है। सबको योजना का लाभ दिया जा रहा है। मोदी ने यही कहा था। सबका साथ सबका विकास का नारा दिया था। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब वह नहीं होने देंगे जो 2017 से पहले होता था। मुझे याद है कि 17 से पहले दुर्गा पूजा नहीं होने दिया जाता था। विसर्जन और रामलीलाओं में अड़चन डाला जा रहा था। व्यापारी और बेटी सुरक्षित नहीं थी। सत्ता में बैठे लोग दंगाइयों, माफियों के आगे शरणागत थे।

## योगी ने देवीपाटन मंदिर में दर्शन पूजन कर देश व प्रदेश के सुख समृद्धि की कामना की



**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह देवीपाटन शक्तिपीठ के गर्भ गृह में पहुंच कर मां पाटेश्वरी की विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद देवीपाटन पीठाधीश्वर महंत मिथिलेश नाथ योगी महाराज के साथ मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर का भ्रमण किया।
मंदिर दर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री गोशाला भी पहुंचे। वहां उन्होंने गायों के बीच समय बिताया। अपने हाथों से हरी घास खिलाई। इस दौरान मंदिर दर्शन पूजन के लिए पहुंचे श्रद्धालु मुख्यमंत्री की एक झलक पाने को उत्सुक दिखे। मुख्यमंत्री योगी जिंदाबाद के नारे भी लगाए। मुख्यमंत्री दो दिवसीय भ्रमण पर शुक्रवार को तुलसीपुर पहुंचे थे।

# गांव की चौपाल से गरमाई राजनीति: मुख्यमंत्री बोले, गहलोत बार-बार सचिन को ही टारगेट करते हैं

**संवाद**

**भ्रमण कर ग्रामीण विकास को लेकर सरकार की प्राथमिकताओं का संदेश दिया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**भीलवाड़ा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने दो दिवसीय भीलवाड़ा दौरे के दूसरे दिन शनिवार सुबह खारी का लाम्बा गांव का भ्रमण कर ग्रामीण विकास को लेकर सरकार की प्राथमिकताओं का संदेश दिया। गांव के तालाब, मंदिर, पंचायत भवन और विद्यालय का निरीक्षण करते हुए उन्होंने विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को ग्रामीण आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं को गति देने के निर्देश दिए। दौरे के बाद मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से जयपुर के लिए रवाना हो गए। यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की राजनीति पर भी तीखा बयान देकर सियासी माहौल गरमा दिया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर लगाए गए आरोपों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने पलटवार करते हुए कहा कि अशोक गहलोत की मित्रता सचिन पायलट से ज्यादा है। वे जो भी बात कहते हैं, वह सचिन पायलट के लिए कहते हैं। यह उनका आपसी मामला है, लेकिन उनका दर्द ऐसा है कि वे बार-बार सचिन पायलट को ही टारगेट करते हैं। मुख्यमंत्री के इस बयान को राजनीतिक हलकों में कांग्रेस के अंदरूनी समीकरणों पर टिप्पणी के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि प्रदेश और देश का विकास गांवों की पगडंडियों से होकर गुजरता है। हमारा लक्ष्य प्रत्येक गांव को सशक्त, आत्मनिर्भर और सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त बनाना है। यदि गांव मजबूत होंगे तो प्रदेश और देश भी मजबूत बनेगा। उन्होंने बताया कि एक दिन पूर्व आयोजित रात्रि चौपाल में महिलाओं, किसानों, पशुपालकों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों से सीधा संवाद किया गया, जिसमें रोजगार, कृषि, पशुपालन तथा सरकारी योजनाओं के प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

# राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा हेतु खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं: मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में खेल विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय खेलों को बिहार में ओलम्पिक स्तर की सुविधाएं दी जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा हेतु खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं। सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य में खेल को बढ़ावा देने के लिये कई कदम उठायें गये हैं। राज्य में विश्वस्तरीय खेल अवसंरचनाओं का निर्माण चरणबद्ध ढंग से किया जा रहा है। युवा एवं प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने पर उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। बेहतर खेल प्रदर्शन के लिये खिलाड़ियों को सुविधायें देने के साथ-साथ उन्हें 'मेडल लाओ नौकरी पाओ' योजना के तहत प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजगीर में निमार्णाधीन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण 31 दिसंबर 2026 तक पूर्ण करें। पटना के डुमरी खेल परिसर में सभी खेलों के लिये अलग-अलग अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य के कुल 8053 ग्राम पंचायतों में से 4700 ग्राम पंचायतों में कुल 5266 में खेल मैदान का निर्माण पूर्ण हो गया है। शेष खेल मैदानों का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करायें। ग्राम पंचायतों में (विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन, ग्रामीण) के माध्यम से खेल मैदानों का निर्माण कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना स्थित मोइनुल हक स्टेडियम के पुनर्विकास कार्य में तेजी लाने हेतु बीसीसीआई एवं बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के साथ समन्वय स्थापित करें। मोइनुल हक स्टेडियम तक बेहतर सड़क एवं परिवहन कनेक्टिविटी सुनिश्चित करें ताकि खेल के आयोजन के दौरान भीड़ की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर में ऐसे पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाए जिनमें नवाचार, देशस्तर पर उपयोगिता एवं रोजगार की अधिक संभावनाएं हों।
जिला स्तरीय खेल भवन-सह-व्यायामशालाओं के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए तथा इनके संचालन एवं रख-रखाव के लिए पीपीपी मॉडल की संभावनाओं का आकलन किया जाए।

# 2019 में सीएए विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा की होगी जांच: सीएम



**कृतज्ञता**

**इस संबंध में राज्य के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक सिद्धनाथ गुप्ता को निर्देश जारी किए गए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने 2019 में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को हुए कथित नुकसान और हिंसा के मामलों की जांच के आदेश दिए हैं। इस संबंध में राज्य के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक सिद्धनाथ गुप्ता को निर्देश जारी किए गए हैं। सरकारी सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने निर्देश दिया है कि उस समय दर्ज सभी शिकायतों की विस्तृत जांच की जाए, जिनमें राज्य के विभिन्न हिस्सों में सरकारी संपत्ति में तोड़फोड़, आगजनी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप शामिल हैं। इसके लिए राज्य पुलिस के भीतर एक विशेष जांच इकाई (स्पेशल सेल) के गठन का भी निर्णय लिया गया है। सूत्रों का कहना है कि इस विशेष सेल का कार्यालय मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र भवानीपुर में स्थापित किया जाएगा। यह इकाई 2019 में दर्ज सभी मामलों की पुनः जांच करेगी और नए सिरे से फाइल तैयार करेगी। सरकार के निर्णय के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति के खिलाफ आरोप सिद्ध होते हैं तो उससे क्षतिपूर्ति वसूली की कार्रवाई भी की जाएगी।
इसके साथ ही रेल संपत्ति से जुड़े मामलों की जांच में रेलवे पुलिस के सहयोग लेने का भी निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि, दिसंबर 2019 में संसद के दोनों सदनों से सीएए विधेयक पारित होने के बाद यह कानून बना था, जिसके बाद देशभर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे।

# राज्यपाल ने प्रसिद्ध नंदा देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना



**टीम एक्शन इंडिया**
**पिथौरागढ़।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने दो दिवसीय मुनस्यारी भ्रमण के दौरान शनिवार को प्रसिद्ध नंदा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश व क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर राज्यपाल ने क्षेत्र में संचालित पर्यटन गतिविधियों का अवलोकन किया तथा नंदा देवी मंदिर परिसर एवं उसके आस-पास विकसित पर्यटन सुविधाओं और व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए जिला प्रशासन को बधाई दी। जिला प्रशासन द्वारा उन्हें विकासखंड मुनस्यारी में विकसित हो रही पर्यटन गतिविधियों, मिलम, खलिया टॉप, बिर्थी, पंचाचूली क्षेत्र तथा अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने नंदा देवी मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से भी मुलाकात कर मंदिर की व्यवस्थाओं व धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं पर चर्चा की। भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने जिला प्रशासन व विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टालों का निरीक्षण किया तथा स्थानीय स्तर पर किए जा रहे नवाचारों और विकास कार्यों की सराहना की। मंदिर परिसर में लगाए गए स्थानीय उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन करते हुए उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता, विपणन एवं ब्रांडिंग के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों का संरक्षण एवं प्रभावी विपणन ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ स्थानीय पहचान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।
राज्यपाल ने मंदिर परिसर में उपस्थित स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों तथा ग्रामीणों से संवाद किया।

# उप मुख्यमंत्री श्री साव ने जगदलपुर में विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**गुणवत्ता**

**अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन, लोक निर्माण विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री अरुण साव ने अपने जगदलपुर प्रवास के दौरान शनिवार को शहर में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री साव ने पावर हाउस चौक स्थित फिल्टर प्लांट तथा महारानी वार्ड में लगभग 101 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित नयामुंडा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की जानकारी लेते हुए नागरिकों को बेहतर एवं निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने पीजी कॉलेज धरमपुरा में लगभग 11 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से निमार्णाधीन नालंदा परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को जल्द से जल्द आधुनिक अध्ययन सुविधाओं का लाभ मिल सके।उप मुख्यमंत्री ने छत्रपति शिवाजी वार्ड में लगभग 79 लाख रुपये की लागत से किए जा रहे पण्डरीतरई तालाब सौंदर्यीकरण कार्य तथा करीब 3 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत से संचालित गंगामुड़ा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया।

## मेडिकल कॉलेज पहुंचे सांसद, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की ली जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**देवरिया:** देवरिया लोकसभा क्षेत्र के सांसद शशांक मणि ने शनिवार को मेडिकल कॉलेज का दौरा कर वहां की स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर मरीजों को मिल रही सुविधाओं, चिकित्सा संसाधनों और अस्पताल संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।
बैठक में मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं, डॉक्टरों की तैनाती, मरीजों की संख्या तथा विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। सांसद ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई। निरीक्षण के दौरान ट्रामा सेंटर में ऑक्सीजन प्लांट से जुड़ी समस्या भी सामने आई, जिस पर सांसद ने संबंधित अधिकारियों से शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने को कही। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता हर हाल में बनी रहनी चाहिए।

# अविमुक्तेश्वरानंद की गौरक्षा धर्मयुद्ध यात्रा पहुंची सैफई

**मांग**

**अविमुक्तेश्वरानंद ने गाय को पशु की श्रेणी से हटाकर राष्ट्र माता घोषित करवाने की मांग की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**इटावा।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करवाने के लिए निकाली जा रही देशव्यापी गौरक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पैतृक गांव सैफई पहुंची। सैफई में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव और सांसद डिम्पल यादव समेत अखिलेश परिवार ने स्वागत किया। इस दौरान शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने गाय को पशु की श्रेणी से हटाकर राष्ट्र माता घोषित करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज्य उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा दुर्दशा गाय की हुई है । भाजपा गाय को केवल चुनाव के समय इस्तेमाल करती है। आज प्रदेश के स्लाटर हाउस में गाय को काटकर उसके बीफ को देश भर में बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2027 के चुनाव में भाजपा बुरी तरह से हार रही है। दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन पर उन्होंने कहा कि यह युवा ऐसे ही प्रदर्शन करने को मजबूर नहीं हुए हैं। सरकार की नीतियों से परेशान होकर आज युवा दिल्ली में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने को मजबूर हुए हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का स्वागत करने पहुंची डिम्पल यादव ने कहा कि शंकराचार्य जी महाराज द्वारा चलाए जा रहे गौ रक्षा आंदोलन का समाजवादी पार्टी पूरी तरह से समर्थन करती है।

# धामी ने किया खेत बचाओ अभियान को जनांदोलन बनाने का आह्वान



**पर्यावरण संरक्षण**

**पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक समृद्धि दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं: सीएम धामी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा में मुख्यमंत्री धामी ने खेत बचाओ अभियान को जनांदोलन बनाने का आह्वान किया। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच कृषि और किसानों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से हवालबाग में राज्य स्तरीय खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को देखते हुए कृषि संरक्षण, मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने तथा किसानों को भविष्य की चुनौतियों के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। मोटे अनाजों विशेषकर मांडुआ, झंगोरा, चौलाई एवं अन्य पारंपरिक फसलों के संरक्षण और उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अल्मोड़ा की धरती पर किसानों के बीच आकर उन्हें नई ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि ₹खेत बचाओ अभियान₹ अब केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा जनांदोलन बन चुका है। उन्होंने किसानों से अपनी कृषि भूमि, मिट्टी और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान केवल अन्नदाता ही नहीं बल्कि देश की शक्ति और हिम्मत हैं। संस्कृति में मिट्टी केवल भूमि का टुकड़ा नहीं बल्कि मां के समान पूजनीय है। इसलिए मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बनाए रखना और खेतों को रासायनिक पदार्थों से यथासंभव मुक्त रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और सुरक्षित कृषि व्यवस्था छोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है। कहा कि किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए बजट में 200 करोड़ रुपये का प्राविधान भी किया है। मुख्यमंत्री ने किसानों से नियमित रूप से मिट्टी का परीक्षण कराने, पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा कृषि विशेषज्ञों की सलाह और वैज्ञानिक शोध के अनुरूप खेती करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम और जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप फसलों का चयन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक समृद्धि दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं तथा इकोलॉजी और इकोनॉमी के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक
प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जल, जंगल, जमीन और प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

# पूर्व राज्यमंत्री सुजय त्रिपाठी के घर पहुँचे राजनाथ सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** रक्षामंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह शनिवार को पूर्व राज्यमंत्री सुजय कुमार त्रिपाठी के आवास पर पहुंचकर भेंट की। इससे पहले रक्षामंत्री ने वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत सिंह अटल की माताजी के निधनोपरांत उनके आवास पहुंचकर गोलोकवासी पुण्यात्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा राजनाथ सिंह ने स्व० भगवती शुक्ला की धर्मपत्नी के निधनोपरांत उनके आवास पर पहुंचकर गोलोकवासी पुण्यात्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्षामंत्री सिंह के साथ उप्र के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, लखनऊ महानगर भाजपा के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और एमएलसी मुकेश शर्मा उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि रक्षा मंत्री शुक्रवार से अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर हैं।

# मंत्रिमंडल ने सरकारी भूमि पर कुछ अतिक्रमणों के लिए नियमितीकरण नीति-2026 को दी मंजूरी

**मंजूरी**

» विभिन्न विभागों द्वारा अस्वीकृत किए गए करुणामूलक नियुक्ति के मामलों पर पुनर्विचार करने को मंजूरी दी



**पंकज शर्मा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज यहां आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

मंत्रिमंडल ने विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग कारणों से पहले अस्वीकृत किए गए करुणामूलक नियुक्ति के मामलों पर पुनर्विचार करने को मंजूरी दी। एकमुश्त विशेष उपाय के रूप में सबसे वाजिब अस्वीकृत मामलों की दोबारा जांच की जाएगी तथा आवश्यक छूट प्रदान की जाएगी।

मंत्रिमंडल ने सरकारी भूमि पर कुछ अतिक्रमणों के लिए नियमितीकरण नीति-2026 ( पॉलिसी फॉर रेगुलराईजेशन ऑफ सर्टेन एनक्रोचमेंट ऑन गर्वमेंट लैंड-2026) को मंजूरी दी। यह नीति उन भूमिहीन परिवारों और सीमांत किसानों के मानवीय सरोकार को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, जो आवासीय, कृषि एवं बागवानी उद्देश्यों के लिए सरकारी भूमि पर कब्जे में हैं। यह नीति सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप तैयार की गई है तथा इसे मंजूरी के लिए भारत सरकार को भेजा गया है।

मंत्रिमंडल ने उन किसानों के लिए कृषि ऋण ब्याज अनुदान योजना शुरू करने का निर्णय लिया, जिनकी भूमि नीलामी के खतरे में है। इसके तहत राज्य सरकार पात्र किसानों के 3 लाख रुपये तक के कृषि ऋण पर ब्याज देनदारी का 50 प्रतिशत वहन करेगी। इससे प्रदेश के 6,356 किसानों को लाभ मिलेगा।

मंत्रिमंडल ने भर्ती निदेशालय के अंतर्गत वर्क इंस्पेक्टर के 400 पद सृजित कर भरने को मंजूरी प्रदान की।

बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में चिकित्सा अधिकारियों के 300 तथा चतुर्थ श्रेणी/मल्टी टास्क वर्करों के 250 पद भरने की स्वीकृति दी गई।

इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में 200 स्टाफ नर्सों की भर्ती को भी मंजूरी दी गई।

### पद सृजन कर भरने को दी मंजूरी



मंत्रिमंडल ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में 162 पद भरने का निर्णय लिया, जिनमें 76 ऑपरेशन थिएटर सहायक, 36 रेडियोग्राफर तथा 50 लैब तकनीशियन ग्रेड-प्प् के पद शामिल हैं। राज्य के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में विभिन्न विभागों के 75 सहायक प्रोफेसरों के पद सृजित कर भरने को मंजूरी दी गई। मंडी जिले के नेरचौक स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के कार्डियोलॉजी विभाग में सहायक प्रोफेसर के दो और वरिष्ठ रेजिडेंट के दो पद भरने को स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिमंडल ने डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर के छः नामित प्रोफेसरों को पात्रता प्राप्त करने के लिए आवश्यक अवधि से 6 से 20 दिन कम होने के कारण एकमुश्त विशेष छूट देने का निर्णय लिया।

# ऑपरेशन नया सवेरा के तहत 19 आरोपियों पर दी दबिश



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** माननीय मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश द्वारा 15 नवम्बर 2025 को प्रारम्भ किए गए प्रदेशव्यापी एंटी-चिट्टा जन-आंदोलन के अंतर्गत चिट्टा-मुक्त हिमाचल के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध निरंतर, प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क के विरुद्ध ऑपरेशन नया सवेरा नामक विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान एक संगठित हेरोइन (चिट्टा) तस्करी गिरोह के विरुद्ध केंद्रित था, जो जिला कांगड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय था।

जांच के दौरान एक सुव्यवस्थित आपूर्ति श्रृंखला का खुलासा हुआ, जिसका संचालन पंजाब के जालंधर निवासी अभिषेक साहोता द्वारा किया जा रहा था। उसने कांगड़ा जिले में विभिन्न वितरण केंद्र स्थापित कर चिट्टा की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित कर रखी थी।

जांच में यह भी सामने आया कि तस्करी नेटवर्क मानव कूरियरों, गुप्त ड्रॉप-प्वाइंट्स, वीडियो पुष्टि, गूगल मैप लोकेशन, क्यूआर-कोड आधारित भुगतान प्रणाली तथा विभिन्न बैंक खातों एवं लोक मित्र केंद्रों के माध्यम से वित्तीय लेन-देन का उपयोग कर रहा था, जिससे इसकी पहचान एवं निगरानी चुनौतीपूर्ण हो गई थी।

गोपनीय सूचनाओं, तकनीकी निगरानी एवं विस्तृत अन्वेषण के आधार पर कांगड़ा पुलिस ने हिमाचल प्रदेश, पंजाब तथा चंडीगढ़ में समन्वित छापेमारी अभियान चलाते हुए एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत अनेक मामलों का पंजीकरण किया।

अभियान के विभिन्न चरणों में कुल 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें नेटवर्क के प्रमुख सहयोगी, वितरक, कूरियर एवं आपूर्तिकर्ता शामिल हैं। अभियान के दौरान कुल 167.18 ग्राम हेरोइन (चिट्टा), 18 इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा मादक पदार्थों की तस्करी में प्रयुक्त एक मालवाहक वाहन बरामद किया गया। साहोता नेटवर्क से संबंधित कुल 23 मामले एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत दर्ज किए गए हैं।

# अभिनेता रोहिताश्व गौड़ ने राज्यपाल से की भेंट




**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता से आज लोक भवन में अखिल भारतीय कलाकार संघ के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध अभिनेता रोहिताश्व गौड़ तथा संघ की उपाध्यक्ष रेखा गौड़ ने शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर रोहिताश्व गौड़ ने राज्यपाल को अखिल भारतीय कलाकार संघ की गतिविधियों की जानकारी दी तथा बताया कि 71वीं वार्षिक अखिल भारतीय नाटक एवं नृत्य प्रतियोगिता का शुभारंभ आज से शिमला में हो गया है, जो 10 जून तक आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस प्रतिष्ठित सांस्कृतिक आयोजन में देशभर से हजारों कलाकार भाग लेंगे। प्रतियोगिता के दौरान कुल 27 नाट्य दल अपनी प्रस्तुतियां देंगे, जबकि लगभग 260 नृत्य प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी, जो भारत की समृद्ध कला एवं सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करेंगी।

राज्यपाल ने अखिल भारतीय कलाकार संघ द्वारा नाटक, नृत्य और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि कला और संस्कृति राष्ट्र की समृद्ध परंपराओं को संरक्षित रखने, सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने तथा युवा पीढ़ी में रचनात्मकता को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

कविन्द्र गुप्ता ने कहा कि अखिल भारतीय नाटक एवं नृत्य प्रतियोगिता जैसे मंच उभरते कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के मूल्यवान अवसर प्रदान करते हैं, साथ ही सांस्कृतिक आदान-प्रदान और राष्ट्रीय एकता को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन प्रदर्शन कलाओं के प्रचार-प्रसार तथा देश की सांस्कृतिक धरोहर को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

# हमीरपुर में सजा राजनीतिक दरबार, जीत के बाद अनुराग ठाकुर के दर पहुंचे जनप्रतिनिधि



**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** जिला परिषद और बीडीसी चुनावों के नतीजों के बाद हमीरपुर में शनिवार को राजनीतिक हलचल तेज रही। दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के आवास पर नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का तांता लगा रहा। जिला परिषद सदस्यों, बीडीसी प्रतिनिधियों और भाजपा समर्थित विजयी उम्मीदवारों ने उनसे मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और जीत की खुशियां साझा कीं।

सुबह से ही भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ अनुराग ठाकुर से मिलने पहुंची। माहौल पूरी तरह चुनावी जीत के उत्साह से सराबोर नजर आया। भाजपा समर्थित जिला परिषद के तीनों विजयी उम्मीदवारों ने अनुराग ठाकुर से विशेष मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने सभी विजेताओं का पटका पहनाकर स्वागत किया और उन्हें जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में जनसेवक सुशील ठाकुर भी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। उन्होंने निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि चुनाव जीतना बड़ी जिम्मेदारी है और अब जनता के विश्वास को विकास कार्यों के माध्यम से मजबूत करना होगा।

राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात को महज औपचारिकता नहीं, बल्कि भाजपा की जमीनी ताकत के प्रदर्शन के रूप में भी देखा जा रहा है। चुनाव परिणामों के बाद एक साथ बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों का अनुराग ठाकुर से मिलना कई राजनीतिक संकेत छोड़ गया। कार्यकर्ताओं की मौजूदगी और नेताओं की सक्रियता ने पूरे आयोजन को शक्ति प्रदर्शन का रूप दे दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### यदि कांग्रेस की कार्यप्रणाली से कोई नाराजगी थी तो नीरज भारती पार्टी अध्यक्ष के समक्ष रख सकते थे : प्रो. चंद्र कुमार



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** पूर्व विधायक नीरज भारती द्वारा पार्टी की कार्यप्रणाली पर लगाए गए आरोपों का खंडन करते हुए कृषि मंत्री प्रो. चन्द्र कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विचारों की अभिव्यक्ति की आजादी देती है लेकिन पार्टी के संबंध में नीरज भारती द्वारा की गई टिप्पणी का वह खंडन करते हैं।

प्रो. चन्द्र कुमार ने कहा कि पार्टी और सरकार अनुशासन से चलती है। यदि नीरज भारती को पार्टी की कार्यप्रणाली से संबंधित कोई नाराजगी थी तो वे इसे कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष के समक्ष रख सकते थे। उन्होंने कहा कि वे स्वयं जन प्रतिनिधि रहे हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ कार्य किया है। उन्हें उपाध्यक्ष के पद पर आसीन रहते हुए जिम्मेदारी से कार्य करने की आवश्यकता थी। इस प्रकार के आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करने से पार्टी की छवि को नुकसान हुआ है और उनका राजनैतिक कद कम हुआ है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस तरह की बातें रखना पूर्णत अनुचित है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने विचारों और मूल्यों के लिए जानी जाती है और वर्तमान प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में समरूपता है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार किसानों को मजबूत कर रही है। इसके दृष्टिगत राज्य सरकार ने अनेक किसान हितैषी निर्णय लिए हैं जिनका लाभ सीधा किसानों को मिल रहा है।

### राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन-II के सम्मेलन में भाग लेने जाएगा 10 विधायकों का प्रतिनिधि मण्डल

**चमन शर्मा**

**शिमला।** हरियाणा विधान सभा द्वारा चण्डीगढ़ में 8 से 10 जून, 2026 तक आयोजित किए जाने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन II के सम्मेलन में हि0 प्र0 विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां के साथ 10 विधान सभा सदस्यों का प्रतिनिधि मण्डल भी जा रहा है। यह सभी विधायक सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन में नैना देवी के विधायक रणधीर शर्मा, ज्वालमुखी के विधायक संजय रत्न, सुन्दरनगर के विधायक राकेश जम्वाल, पच्छाद की विधायक रीना कश्यप, चम्बा के विधायक नीरज नैय्यर, उप-मुख्य सचेतक एवं शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानियां, चिन्तपूर्णी के विधायक सुदर्शन कुमार बबलू, शिमला के विधायक हरीश जनार्था, देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर तथा लाहौल- स्पिति की विधायक कुमारी अनुराधा राणा शामिल होंगी। गौरतलब है कि सम्मेलन का शुभारम्भ हरियाणा विधान मण्डल के सभागार में 8 जून, 2026 को लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा अपराह्न 3:00 बजे किया जाएगा जिसमें जोन- II के पाँच राज्यों के पीठासीन अधिकारी, विशेष रूप से अन्य राज्यों के आमंत्रित पीठासीन अधिकारी, हि0प्र0 विधान सभा के दस सदस्यगण, हरियाणा विधान सभा के सदस्यगण तथा दिल्ली, पंजाब, जम्मू एवं कश्मीर से आमंत्रित विधान सभा सदस्य भी शामिल होंगे।

## मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पत्रकार डॉ. चंद्र त्रिखा की पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने वरिष्ठ पत्रकार एवं युगमार्ग के संस्थापक संपादक डॉ. चंद्र त्रिखा की पत्नी सुशीला त्रिखा के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशीला त्रिखा संवेदनशील और दयालु व्यक्त्वि की धनी थीं। उन्होंने शोक-संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

## उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को दिलवाई शपथ

**हामिद खान**

**चंबा।** जिला चंबा के सभी नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा की शपथ दिलवाई। बचत भवन चंबा के सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में जिला चंबा के सभी 18 जिला परिषद वार्डों के नवनिर्वाचित सदस्यों ने भाग लिया तथा शपथ ग्रहण की।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपायुक्त चंबा ने सभी नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को बधाई तथा तथा उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी जिला परिषद सदस्यों से अपेक्षा की कि वे अपने-अपने क्षेत्र में ईमानदारी के साथ काम करते हुए जन अपेक्षाओं पर खरा उतरने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्यों को ईमानदारी के साथ पूरा करते हुए सरकारी धन का सदुपयोग सुनिश्चित करना जनप्रतिनिधियों का मुख्य दायित्व है। इसके अलावा सभी जनप्रतिनिधियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सरकार व प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ किए जा रहे प्रयासों में भी विशेष सहयोग करना होगा ताकि विकास के साथ-साथ एक स्वस्थ व सशक्त तथा नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार किया जा सके। उपायुक्त ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से जनगणना संबंधी कार्यों में भी हर संभव सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर कुछ वरिष्ठ एवं अनुभवी जिला परिषद सदस्यों के अलावा पहली बार निर्वाचित युवा जिला परिषद सदस्यों ने अपने विचार सांझा किया।

## पुलिस जवान और उसके परिवार को गोली मारने की धमकी, मामला दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊना।** आईआरबीएन बनगढ़ में तैनात एक पुलिस जवान को व्हाट्सएप के माध्यम से जान से मारने की धमकियां मिलने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में प्रथम भारतीय रिजर्व बटालियन बनगढ़ में तैनात आरक्षी विश्व दत्त ने बताया कि बीते रोज उन्हें एक मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप पर कई वॉयस रिकॉर्डिंग प्राप्त हुईं। इन रिकॉर्डिंग में अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें, उनकी पत्नी, बच्चों तथा माताञपिता को गोली मारने की धमकी दी है।

# अंब-अंदौरा से कोलकाता तक दौड़ी गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस



**राजन पुरी**

**ऊना।** जिला ऊना के अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन से गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12325/12326) के विस्तारित फेरे का शुभारंभ करते हुए हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर ऊना सदर के विधायक सतपाल सत्ती, पूर्व विधायक बलवीर चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष शाम मिन्हास, रेलवे अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस के अंब-अंदौरा तक विस्तार से अब हिमाचल प्रदेश के यात्रियों को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता तक सीधी रेल सेवा उपलब्ध हो गई है। इससे न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि व्यापार, पर्यटन, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्रों में भी नए अवसर खुलेंगे।नई समय-सारिणी के अनुसार गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रत्येक शनिवार सुबह 6:10 बजे अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी और लगभग 31 घंटे 50 मिनट का सफर तय कर कोलकाता पहुंचेगी। वहीं वापसी में यह ट्रेन प्रत्येक गुरुवार सुबह 7:40 बजे कोलकाता से चलेगी तथा शुक्रवार शाम 4:55 बजे अंब-अंदौरा पहुंचेगी। यह ट्रेन ऊना हिमाचल, नंगल डैम, आनंदपुर साहिब, रूपनगर, सरहिंद, अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, पटना, किऊल, झाझा, जसीडीह और आसनसोल जैसे महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों से होकर गुजरेगी। इससे हिमाचल प्रदेश का सीधा संपर्क उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल जैसे रा%यों से और अधिक मजबूत होगा। इस अवसर पर सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार हिमाचल प्रदेश की रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ऊना जिला प्रदेश का एकमात्र ऐसा जिला है, जो पूर्ण रूप से ब्रॉडगेज रेल नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। पिछले वर्षों में कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का विस्तार ऊना जिले तक किया गया है।

## पेंशनरों ने सरकार के समक्ष रखीं लंबित मांगें, डीए और मेडिकल बिल भुगतान पर जोर

**राजन पुरी**

**ऊना।** हिम-आंचल पेंशनर्ज संघ खंड गगरेट की आम सभा का आयोजन प्रिंस होटल में प्रधान राम पाल शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं, लंबित मांगों तथा वित्तीय मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान सरकार से पेंशनरों के लंबित देयकों का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। सभा में उपस्थित सदस्यों ने मांग की कि जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के लंबित वित्तीय लाभ जल्द जारी किए जाएं। इसके साथ ही 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पूरी करने पर क्रमश: 5 प्रतिशत, 10 प्रतिशत और 15 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता मूल पेंशन में जोड़ने की व्यवस्था को भी जल्द लागू किया जाए।

# मुख्यमंत्री ने हजारों जनप्रतिनिधियों और लाखों मतदाताओं का अपमान किया, प्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी : डॉ. राजीव बिंदल



**चमन शर्मा**

**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा जिला परिषद और बीडीसी प्रतिनिधियों को लेकर की गई टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने बयान से प्रदेश के हजारों निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और उन्हें चुनने वाले लाखों मतदाताओं का अपमान किया है। यह बयान न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान की भावना के भी विपरीत है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि जिला परिषद सदस्य, बीडीसी सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि और अन्य स्थानीय निकायों के निर्वाचित सदस्य जनता द्वारा लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुने जाते हैं। एक-एक जिला परिषद सदस्य 20 से 25 हजार मतदाताओं के बीच से जीतकर आता है और जनता के विश्वास का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे प्रतिनिधियों के बारे में यह कहना कि उनकी केवल एक दिन की अहमियत है, लोकतंत्र और जनमत दोनों का अपमान है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के इस बयान ने कांग्रेस पार्टी की वास्तविक मानसिकता को उजागर कर दिया है। कांग्रेस हमेशा से ग्रामीण क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों को कमतर आंकती रही है और अब मुख्यमंत्री के बयान से यह स्पष्ट हो गया है कि उनके मन में पंचायतों, जिला परिषदों और बीडीसी प्रतिनिधियों के प्रति कितना अनादर और उपेक्षा का भाव है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि लोकतंत्र में जनता द्वारा चुना गया प्रत्येक प्रतिनिधि सम्मान का पात्र होता है। संविधान ने स्थानीय स्वशासन संस्थाओं को विशेष महत्व दिया है और इन्हीं संस्थाओं के माध्यम से गांव और स्थानीय स्तर पर विकास की योजनाएं आगे बढ़ती हैं।

ऐसे प्रतिनिधियों को अपमानित करना लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने का प्रयास है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह बयान कांग्रेस सरकार की चुनावी हार से उत्पन्न बौखलाहट का परिणाम है। हाल ही में हुए पंचायतीराज और स्थानीय निकाय चुनावों में प्रदेश की जनता ने कांग्रेस सरकार को स्पष्ट रूप से नकार दिया है।

# तीन दिवसीय जिला स्तरीय पीपलू मेला 24 से 26 जून तक



**राजन पुरी**

**ऊना।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं जिला स्तरीय पीपलू मेले के सफल आयोजन को लेकर बंगाणा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, मेला समिति के पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में 24, 25 और 26 जून को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय पीपलू मेले की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा विभिन्न समितियों और अधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि पीपलू मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान, धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि मेले के आयोजन में किसी प्रकार की कमी न रहने दी जाए तथा सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि मेले को सफल बनाने के लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों के सहयोग की आवश्यकता है। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि 24 जून को पारंपरिक फेरी एवं झंडा रस्म के साथ पीपलू मेले का विधिवत शुभारंभ होगा। इस अवसर पर क्षेत्र की लोक परंपराओं और धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मेले में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन को सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं। शर्मा ने बताया कि इस बार मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को विशेष रूप से आकर्षक बनाया जाएगा। मेले के तीनों दिनों में सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन होगा। इनमें हिमाचली लोक गायकों, कलाकारों और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा एक दिन का संस्कृत मंच पूरी तरह स्कूली ब%चों के नाम रहेगा। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं लोकनृत्य, समूहगान, भाषण, नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। इससे बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा।